

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

संवत 2082, आषाढ़ शुक्ल 13 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 304 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028






4 ▸▸ बढ़ती मानव आबादी के खतरे

शुभमन गिल रचेंगे इतिहास, खतरे में डॉन ब्रैडमैन का 95 साल पुराना रिकॉर्ड, मात्र 400 रन दूर ◂◂ 6


# वाटरफॉल घूमने आये युवक की डूबने से मौत

## दोस्तों के साथ बंगाल से घूमने आया था युवक

संवाददाता

**दुमका:** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के खरौनी तिरुपतिया नदी के घाघर वाटरफॉल घूमने आए एक युवक की डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान रूपांकर दत्ता (उम्र 22 वर्ष) के रूप में हुई, जो पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के नलहटी थाना क्षेत्र के चतरा गांव के रहने वाला था। युवक अपने तीन दोस्तों के साथ घाघर वाटरफॉल घूमने आया था। घटना की जानकारी पाकर गोपीकांदर



थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। गोपीकांदर थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने मृतक और बाकी दोस्तों के परिजनों को भी सूचित कर दिया।

**गोपीकांदर थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत ने बताया कि चार दोस्त पश्चिम बंगाल से यहां घूमने आए थे। स्नान करने के क्रम में रूपांकर का पैर फिसल गया और गहरे पानी में डूब गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। थाना प्रभारी ने यह भी जानकारी दी कि मृतक शादीशुदा था और घर का इकलौता पुत्र था।**

**बंगाल से चार युवक पहुंचे थे स्नान करने:** घटना के संबंध में रूपांकर के दोस्त साहिल अख्तर ने बताया कि योगेश गुप्ता, साहिल अख्तर, सरफराज हुसैन और रूपांकर दत्ता चार दोस्त दो बाइक पर सवार होकर खरौनी बाजार के घाघर वाटरफॉल के नीचे वाले हिस्से में घूमने और स्नान करने आए थे। दोपहर बाद सभी दोस्त पानी में छलांग लगाना शुरू कर दिया। इसी बीच रूपांकर गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। तीनों दोस्तों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन उसे बचा नहीं सके। शोर सुनकर पास में ही धान रोपनी कर रहे ग्रामीण भी जुट गए और रूपांकर की तलाश शुरू कर दी। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों को रूपांकर का शव मिला।

# ट्रैक पर भरा पानी, ट्रेनों का संचालन प्रभावित सिग्नल फेल होने से रोकनी पड़ीं 26 ट्रेनें

**मुरादाबाद :** मुरादाबाद में बारिश के कारण लाइनपार के नाले उफनाए तो रेलवे ट्रैक पर जलभराव हो गया। इसके कारण मुरादाबाद यार्ड में सिग्नल और प्वाइंट फेल हो गए। मुरादाबाद-दिल्ली, मुरादाबाद-लखनऊ और मुरादाबाद-सहारनपुर लाइन पर काफी देर तक रेल यातायात ठप हो गया। 26 ट्रेनों को जगह-जगह रोकना पड़ा। इसके कारण ट्रेन में बैठे यात्री और स्टेशनों पर इंतजार कर रहे यात्रियों की परेशानी दोगुनी हो गई। मुरादाबाद से बरेली और दिल्ली तक पहुंचने में लोगों को छह घंटे लग गए।

रात 10 बजे बारिश तेज हुई और 10:30 बजे तक यार्ड में प्वाइंट फेल होने शुरू हो गए। एक बजे तक यह स्थिति बनी रही। हावड़ा से अमृतसर जा रही पंजाब मेल एक्सप्रेस को रात 9:52 बजे मुरादाबाद में रोका गया। इसके बाद 10:30 बजे जनता एक्सप्रेस,



10:40 बजे योगनरी ऋषिकेश समर स्पेशल एक्सप्रेस, 11 बजे बेगमपुरा एक्सप्रेस को कटघर में रोका गया। 11:30 बजे रानीखेत एक्सप्रेस मूंढापांडे में खड़ी हो गई। राजगीर से आ रही श्रमजीवी एक्सप्रेस 12 बजे के बाद तक बरेली में फंसी रही। छोटे-छोटे स्टेशनों पर भी कई ट्रेनें रोक दी गईं। रेलवे ने जलनिकासी के लिए पंप लगाए। रात दो बजे तक ट्रैक पर पानी कम हुआ और रेल संचालन सुचारू हो पाया।

दिन में चलने वाली कई ट्रेनें भी घंटों देरी से पहुंचीं: दिन में चलने वाली ट्रेनें भी लेट हो गईं। बरेली से चलने वाली आला हजरत एक्सप्रेस मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर ढाई घंटे देरी से पहुंची। शहीद एक्सप्रेस, मुंबई एक्सप्रेस भी डेढ़ घंटे लेट हो गईं। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि नालों के उफनाने के कारण यह समस्या हर साल होती है। रेलवे ट्रैक पर क्रॉस ड्रेनेज बना रहा है लेकिन स्थानीय निकाय को भी व्यापक व्यवस्था करनी चाहिए जिससे जलभराव न हो।

# शमशेर आलम ने लिया दिशोम गुरु का हालचाल



**रांची/दिल्ली:** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने नई दिल्ली में झारखंड अलग राज्य के प्रणेता सह झामुमो के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का हालचाल जाना। दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में गुरुजी इलाजरत हैं। अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्री आलम को बताया कि पिताजी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। जल्द ही गुरुजी झारखंड में अपने शुभचिंतकों के बीच होंगे। उल्लेखनीय है कि गुरुजी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए पूरे राज्य के मंदिर, गिरजाघरों, मजारों और गुरुद्वारा में प्राथनाएं किये जाने का सिलसिला लगातार जारी है।

## चुनाव से पहले नीतीश कुमार का महिला-युवा कार्ड

# सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35% आरक्षण, युवा आयोग के गठन को भी मंजूरी

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने घोषणा की कि राज्य में सभी सरकारी सेवाओं और पदों में 35 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होंगे। चुनावी वर्ष में लिया गया यह महत्वपूर्ण निर्णय मुख्यमंत्री कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। निर्णय के अनुसार, बिहार की मूल निवासी सभी महिला उम्मीदवारों को सरकारी सेवाओं और नौकरियों के लिए सभी सीधी भर्ती में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

इसके अलावा नीतीश कुमार ने घोषणा की कि राज्य सरकार की मंजूरी के बाद राज्य मंत्रिमंडल ने मंगलवार को



बिहार युवा आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। इस कदम का उद्देश्य बिहार के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करना और युवा प्रशिक्षण में निवेश को बढ़ावा देना है, ताकि उन्हें सशक्त और सक्षम बनाया जा सके। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है और आज कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो।

सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देने वाले शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कार्यक्रम तैयार कर और ऐसे मामलों में सरकार को अनुशंसा भेजना भी इसका महत्वपूर्ण कार्य होगा। राज्य सरकार की इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य है कि इस आयोग के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनें ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो।

# डायन के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा जलाया

**पटना:** बिहार के पूर्णिया में डायन होने का आरोप लगाकर एक ही परिवार के पांच लोगों को जिंदा ही जला दिया गया। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि गांव के कुछ लोगों को बाबू लाल उरांव की पत्नी पर डायन होने का शक था। इसके बाद गांव के लोगों ने ही पहले उनके परिवार के साथ मारपीट की और बाद में जिंदा जला दिया।

नृशंस हत्याकांड के बाद आरोपियों ने मृतकों के शवों को किसी सुनसान जगह पर गाड़ दिया है। पुलिस ने बताया है कि दर्दनाक घटना को गांव के करीब 200 लोगों ने मृतक के पुत्र के सामने ही अंजाम दिया है। घटना के बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ की जा रही है।

# एसी कोच में अचानक फैली चिंगारी, देखते-देखते भड़क उठी भयानक आग,बड़ी तबाही टली

**अजमेर :** राजस्थान के अजमेर जिले में जोन्सगंज रेलवे कारखाने में सोमवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते बच



गया। यहां ट्रेन के डिब्बों की मरम्मत का काम जारी था कि अचानक एक एसी कोच में वेल्डिंग के दौरान चिंगारी फैल गई और आग लग गई। हालांकि कर्मचारियों की तत्परता और रेलवे अधिकारियों की तेजी से प्रतिक्रिया के कारण बड़ी तबाही टल गई और आग पर काबू पा लिया गया।

वेल्डिंग के समय हुई लापरवाही से आग भड़क गई: मिली जानकारी के अनुसार, सुरक्षा मानकों का ठीक से पालन न किए जाने के कारण वेल्डिंग की चिंगारी सीधे कोच के अंदर जाकर पहुंच गई। इसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। कर्मचारी तुरंत ही आग बुझाने में जुट गए और साथ ही रेलवे प्रशासन को भी सूचित किया गया।

दमकल और आपदा प्रबंधन टीम ने समय रहते संभाला मोर्चा: रेलगाड़ी को जलने से बचाने के लिए मौके पर दमकल विभाग और आपदा प्रबंधन की टीम भी पहुंची। कर्मचारियों और अधिकारियों ने मिलकर कड़ी मेहनत और सूझ-बूझ से आग बुझाने में सफलता पाई। इस हादसे में कोई भी मानव जान का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन यह घटना रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हादसे का वीडियो: इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है, जिसमें साफ दिख रहा है कि सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी के कारण यह आग लगी। यह मामला रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की आवश्यकता को भी उजागर करता है।

## पाकिस्तान ने यूएन में टीटीपी संगठन को बताया सबसे बड़ा खतरा, बोला-

# अकेले रोक पाना मुमकिन नहीं

**संयुक्त राष्ट्र :** आतंकवाद के मुद्दे पर दुनिया को आईना दिखाने वाला पाकिस्तान अब खुद अपने पाले हुए सांपों से त्रस्त हो गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान ने एक बड़ा खुलासा करते हुए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अपने लिए सबसे बड़ा खतरा बताया है। पाकिस्तान ने दुनिया के सामने गिड़गिड़ाते हुए कहा है कि अगर टीटीपीको



नियंत्रित नहीं किया गया तो यह पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लेगा और इसे अकेले रोक पाना अब उसके बस में नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने सुरक्षा परिषद की बैठक में बोलते हुए कहा, टीटीपी के पास वर्तमान में 6,000 लड़ाके हैं और उसने कई प्रॉक्सी संगठन भी बना लिए हैं, जो पाकिस्तान की धरती को खून से लाल कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान की धरती पर अभी भी आतंकी पैदा हो रहे हैं और वहां टीटीपी समेत आईएसआईएल-के (दाएश), अल-कायदा और बलूच लिबरेशन फ्रंट जैसे 5 आतंकी संगठन सक्रिय हैं। पाकिस्तानी राजदूत ने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा, इन आतंकी संगठनों की वजह से हमारा जीना हराम हो गया है। हमारे यहां रोज कोई न कोई घटना हो रही है। हम इसे अकेले रोक पाने में सक्षम नहीं हैं। दुनिया के देशों को इसे तुरंत कंट्रोल करना चाहिए।



# देश के कुछ राज्यों में आया 4.1 तीव्रता का भूकंप, दहशत में लोग

**नई दिल्ली:** भारत के विभिन्न हिस्सों में बीते कुछ दिनों में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार सुबह असम के कार्बी आंगलोंग जिले में 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, यह भूकंप सुबह 9:22 बजे महसूस किया गया, जिसकी गहराई 25 किलोमीटर थी। राहत की बात यह है कि इस झटके से कहीं से भी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

**अंडमान सागर में लगातार दर्ज हो रहे भूकंप** : इससे पहले सोमवार को अंडमान सागर में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। रविवार को भी इसी क्षेत्र में लगभग इतनी ही तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। लगातार दो दिनों तक कंपन महसूस किए जाने से स्थानीय स्तर पर सतर्कता बढ़ा दी गई है।

**जम्मू-कश्मीर भी हिला था कुछ दिन पहले:** कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर में 3.6 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया था। यह झटका शाम 7:36 बजे दर्ज किया गया, जिसकी गहराई 9 किलोमीटर थी। इस भूकंप से भी कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया था।

## निशिकांत दुबे के बयान पर सीएम फडणवीस ने दी सफाई, बोले-

# वे आम मराठियों की बात नहीं कर रहे

## निशिकांत दुबे ने कहा था-अगर आप इतने बड़े दादा हैं तो महाराष्ट्र से निकलकर यूपी, बिहार आइए, पटक-पटक के मारेंगे

**मुंबई :** महाराष्ट्र में जारी भाषा विवाद के बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान से राज्य का राजनीतिक पारा और चढ़ गया है। अब राज्य के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा सांसद के बयान पर सफाई दी और कहा कि निशिकांत दुबे आम मराठी मानुष के बारे में बात नहीं कर रहे थे। वे उन संगठनों के बारे में बात कर रहे थे, जो विवाद कर रहे हैं।

**सीएम ने बयान से बनाई दूरी:** फडणवीस ने कहा कि 'जो भी निशिकांत दुबे ने कहा है, वह आम मराठी लोगों के बारे में नहीं कहा है, बल्कि उन संगठनों के बारे में कहा है, जो विवाद को बढ़ा रहे हैं।' हालांकि सीएम ने खुद को निशिकांत दुबे के बयान से अलग करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि निशिकांत दुबे का बयान सही नहीं था। सीएम ने कहा कि 'भारत के विकास में महाराष्ट्र का बहुत बड़ा योगदान है। कोई भी इससे इनकार नहीं कर सकता। अगर कोई ऐसा करता है तो वह पूरी तरह से गलत है।'

निशिकांत दुबे ने क्या कहा, जिस पर हो गया विवाद: महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का कहना है कि



महाराष्ट्र में रहने वाले लोगों को मराठी बोलना आना चाहिए। इसे लेकर मनसे के कार्यकर्ताओं ने बीते दिनों में कई हिंदी भाषी लोगों के साथ मारपीट की है। इस पर काफी विवाद हो रहा है। हाल ही में मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने



अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वे अगर किसी को पीटते हैं तो उसकी वीडियो न बनाएं। इस पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप क्या कर रहे हैं, किसकी रोटी खा रहे हैं? आप लोग हमारे पैसे पर पल रहे हैं। आपके पास कौन से उद्योग हैं? हमारी सारी खदानें झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में हैं। आपके पास कौन सी खदाने हैं? सभी सेमीकंडक्टर रिफाइनरीज गुजरात में हैं।' हिंदी बोलने वाले लोगों की पिटाई पर गुस्सा जाहिर करते हुए निशिकांत दुबे ने कहा कि 'अगर आपमें हिंदी भाषी लोगों को पीटने की हिम्मत है तो उन्हें भी पीटकर दिखाएं, जो उर्दू, तमिल, तेलुगु आदि भाषाएं बोलते हैं। अगर आप इतने बड़े दादा हैं तो महाराष्ट्र से निकलकर यूपी, बिहार आइए, तुमको पटक-पटक के मारेंगे।' भाजपा सांसद ने कहा कि मह सभी मराठी लोगों और महाराष्ट्र की तारीफ करते हैं, जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी। हम सभी स्वतंत्रता सेनानियों का भी सम्मान करते हैं। महाराष्ट्र ने देश की आजादी में अहम योगदान दिया है। निशिकांत दुबे ने कहा कि 'राज और उद्धव ठाकरे घटिया राजनीति कर रहे हैं, अगर उनमें हिम्मत है तो माहिम जाकर किसी हिंदी, उर्दू बोलने वाले को पीटकर दिखाएं।'

## न्यूज IN ब्रीफ

### बारिश में बहा डायवर्सन,परेशानी



खूंटी: जिले में भारी बारिश ने फिर से कई गांवों के ग्रामीणों के लिए परेशानियां खड़ी कर दी हैं। तोरपा प्रखंड के डोड़मा से गोविंदपुर रोड पर डायवर्सन बारिश के कारण बह गया। जिससे कई गांवों प्रभावित हुए हैं। इस मार्ग से किसी भी तरह के भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे इस मार्ग से आवागमन ना करें, वहीं ग्रामीणों ने डायवर्सन के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में लगे ट्रकों द्वारा भी इस डायवर्सन का उपयोग किया जाने लगा। चिप्स लदे भारी ट्रकों के लगातार गुजरने के कारण डायवर्सन में लगा एयर पाइप टूट गया। जिसके कारण अस्थायी पुल की मिट्टी भारी बारिश के कारण बह गई।

### युवती नाबालिग, परिजन युवक पर एफआईआर दर्ज करने का बना रहे हैं दबाब

**चतरा :** शहर के किशुनपुर टोंगरी पर से एक सप्ताह पूर्व फरार हुए प्रेमी युगल सोमवार को सदर थाना पहुंचे। प्रेमी युगल पुलिस के समक्ष एक साथ जीने मरने की कसमें खा रहे हैं। युवती नाबालिग है। जबकि प्रेमी विकास भारती 22 साल का है। नाबालिग युवती पुलिस के समक्ष बार बार दोहरा रही है कि उसकी शादी विकास के साथ करवा दिजिए। यदि उसकी शादी विकास से नहीं कराई जाएगी तो वह अपनी जान दे देगी। इस बीच युवती के परिजन युवती को समझाने बुझाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। लेकिन वह किसी का कोई बात समझने को तैयार नहीं है। इधर दूसरी ओर युवती के परिजन युवक के विरुद्ध अपनी बेटी को बहला फुसला कर भगा कर ले जाने का एफआईआर दर्ज कराने की दबाब पुलिस पर बना रहे हैं। युवती के नाबालिग रहने के कारण पुलिस भी अपने स्तर से कोई निर्णय लेने में परहेज कर रही है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि आज युवती को न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराया जाएगा। इसके बाद न्यायालय के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो सप्ताह से लापता युवक छत्तीसगढ़ के रायपुर से सकुशल बरामद



**चतरा :** हंटरगंज से दो सप्ताह पूर्व सिरसा जानें के क्रम में अचानक गयाजी रेलवे स्टेशन से लापता हुआ युवक छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर से सकुशल बरामद हो गया है। बताया जा रहा है युवक की अचानक मानसिक संतुलन कमजोर हो गया था। बताते चलें कि हंटरगंज थाना क्षेत्र के ढेबो गांव निवासी 23 वर्षीय राजदेव यादव के पुत्र रामबली कुमार 25 जून को सिरसा जानें के क्रम में गया जी रेलवे स्टेशन से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने हंटरगंज थाना में गुमशुदगी दर्ज कराया था।वही आवेदन पत्र के माध्यम से परिजनों ने चतरा एसपी और स्थानीय सांसद व विधायक को भी अवगत करवाया था। सोमवार को परिजनों के पास रामबली ने फोन के माध्यम से सकुशल होने की जानकारी दी। वही सोशल मीडिया में वीडियो कॉल पर उसने अपने मां और पिता से बात किया। इसकी तत्काल सूचना रामबली के चचेरे भाई पत्रकार विकास कुमार यादव ने हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार को दी। मंगलवार की सुबह रामबली के पिता राजदेव यादव, मित्र धर्मेंद्र यादव, रामजी यादव, चंदू कुमार, विकास कुमार यादव, सहित अन्य ग्रामीण छत्तीसगढ़ रायपुर के लिए रवाना हो गए। उक्त जानकारी युवक के पिता राजदेव यादव ने दी।रायपुर जाकर कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद युवक को सकुशल घर लाया जाएगा। रामबली के मिलने पर परिजनों और ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

### पलामू रेंज में साइबर अपराध को लेकर पुलिस गंभीर, हर हफ्ते होगी समीक्षा

**पलामू:** पलामू, गढ़वा और लातेहार में हर सप्ताह साइबर अपराध के मामलों की समीक्षा की गयी। डीआईजी 15 दिनों में साइबर अपराध से जुड़े मामलों की समीक्षा करेंगे और उनकी जानकारी मांगेंगे। पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम ने साइबर अपराध के मामलों को लेकर पलामू गढ़वा और लातेहार एसपी को कई बिंदुओं पर निर्देश जारी किया है। पलामू गढ़वा और लातेहार एसपी को साइबर अपराध के मामलों को लेकर हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने को कहा गया है। हेल्पलाइन नंबर के जरिए लोग मदद ले सकते हैं। दरअसल, पलामू में एक साइबर थाना जबकि गढ़वा और लातेहार में साइबर सेल का गठन किया गया है। पलामू के साइबर थाने में कई सीनियर इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर की पोस्टिंग की गई है। डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि अज्ञानता और डर के कारण कई लोग साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। लोगों को बातों को छिपाकर नहीं रखना चाहिए बल्कि पुलिस के साथ पूरी जानकारी साझा करनी चाहिए। जानकारी साझा करने के बाद पुलिस तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी, साथ ही समय पर सूचना मिलने से पुलिस को कार्रवाई करने में आसानी होती है। डीआईजी ने बताया कि अपराधी नये-नये तरीकों से लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं, लेकिन हर स्तर पर सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। सभी एसपी को एक सप्ताह के अंदर साइबर अपराध से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा करने को कहा गया है। कार्रवाई करने में टालमटोल करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी। पलामू के विभिन्न साइबर थानों में डिजिटल गिरफ्तारी और सरकारी योजनाओं के तहत पैसे की वसूली के दौरान विभिन्न प्रकार की ठगी के मामले दर्ज होते हैं।

### अनुमान के मुताबिक नहीं हुई भारी वर्षा

**जमशेदपुर :** मौसम विभाग में अनुमान जताया था कि मंगलवार को भारी बारिश हो सकती है लेकिन सुबह करीब 11:30 तक मौसम बिल्कुल साफ रहा और बूंदाबांदी तक नहीं हुई । अन्य कई जिलों में बारिश हुई है। मौसम विभाग ने भारी वर्षा की चेतावनी जारी करते हुए लोगों को आगाह भी किया है कि वे लोग नदी या वैसे जगह पर जाने से बचें जहां ज्यादा पानी हो। इसके अलावा निचले क्षेत्र में अपनी जान की भी आशंका जाहिर की है।

## रांची केंद्र की अनदेखी पर भड़के वित्तमंत्री, बोले

# बुजुर्गों को नहीं मिल रही पेंशन, कई योजनाएं अधर में



संवाददाता

**रांची :** झारखंड के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि केंद्र ने रोक रखी है, जिससे विकास कार्यों में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का पैसा न मिलने से आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है, और इसके लिए केंद्र सरकार की नकारात्मक सोच जिम्मेदार है।

जनता दरबार में वित्तमंत्री ने सुनी लोगों की व्यथाः प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से बात करते हुए केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य का करोड़ों रुपये बकाया रखे हुए है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में रुकावट आ रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भाजपा झूठा प्रचार कर रही है कि राज्य सरकार पैसा नहीं दे रही, जबकि असलियत यह है कि राज्य के हिस्से की राशि रोककर केंद्र विकास की राह में रोड़ा अटका रहा है।वित्तमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार अब टालमटोल नहीं सहन करेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता के कार्य समय पर निपटाएं, नहीं तो स्पष्ट जवाब दें कि कार्य क्यों नहीं हो सकता। जनता को बेवजह कार्यालयों के चक्कर लगवाना अब बंद होना चाहिए।

जनता के बीच सरकार को लेकर बन रहा है सकारात्मक संदेशः जनता दरबार में उपस्थित केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस पहल से जनता में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है, क्योंकि लोग देख रहे हैं कि मंत्री खुद सीधे संवाद कर रहे हैं और समाधान की दिशा में सक्रिय हैं।

वहीं, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जनता दरबार में कुल 49 मामले सामने आए, जिनमें बिजली, सड़क निर्माण, तालाब जीर्णोद्धार, अबुआ आवास और भूमि संबंधी समस्याएं शामिल थीं। वित्तमंत्री ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं को त्वरित और समयबद्ध तरीके से हल करने का निर्देश दिया।

भू-अर्जन विवाद में भी तत्काल कार्रवाईः जनता दरबार में एक भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले ने भी ध्यान खींचा, जिसमें एक शिकायतकर्ता ने बताया कि एनएचएआई द्वारा अधिग्रहित जमीन का मुआवजा दूसरी पत्नी को दे दिया गया, जबकि उसकी वैधानिक मान्यता नहीं थी। इस पर वित्तमंत्री ने तत्काल रांची के भू-अर्जन पदाधिकारी को फोन कर स्थिति स्पष्ट करने को कहा, लेकिन अधिकारी ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया। इसके बाद मंत्री ने भू राजस्व सचिव को मामले से अवगत कराया, जिन्होंने तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनता दरबार में कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू, शशि भूषण राय, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, नरेंद्र लाल गोपी और राजीव चौधरी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आम जन की समस्याएं सुनने और समाधान सुनिश्चित कराने में वित्तमंत्री की मदद की। वित्तमंत्री ने अंत में दो टूक कहा कि राज्य सरकार जनता के हितों से समझौता नहीं करेगी और जहां-जहां जरूरी होगा, केंद्र की असहयोग नीति के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।

## तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत



संवाददाता

**खूंटी :** रविवार की शाम खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र के बघिया गाँव में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहाँ दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरा गाँव स्तब्ध है। तालाब में डूबने से मारे गए दोनों बच्चों की पहचान आशीष केर-केट्टा (7 वर्ष) और विल्फ्रेड मड़की (6 वर्ष) के रूप में हुई है। आशीष के पिता बिरसु केरकेट्टा प्रदेश से बाहर रोजगार पर हैं, जबकि विल्फ्रेड के पिता सुनील मड़की हाल ही में घर लौटे थे।

बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे रविवार को घर से खेलने निकले, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे।

परिजनों ने खोजबीन की तो तालाब किनारे उनके कपड़े और चप्पल मिले।

रात में भारी बारिश और अंधेरे के कारण खोज बिन मुश्किल हो गई। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब की तलाशी ली, जहाँ पहले विल्फ्रेड का शव मिला, फिर आशीष का शव बाहर निकाला गया।

जब ये घटना घटी थी उस समय आशीष की माँ प्यारी केरकेट्टा और विल्फ्रेड की माँ चामीन मड़की उस समय बीमारी के इलाज के लिए नवमिल गाँव गई हुई थीं। और विल्फ्रेड के पिता मवेशी चराने जंगल गए थे।

दोनों बच्चे आरसी प्राथमिक विद्यालय, बघिया के छात्र थे और पड़ोसी भी थे। वे अक्सर स्कूल से लौटकर तालाब में नहाने जाते थे, लेकिन इस बार वही तालाब उनकी जान ले बैठा। घटना की सूचना मिलते ही रनिया पुलिस मौके पर पहुँची। और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर अंतर्परीक्षण के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दी, जिसके बाद दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। गाँव में शोक की लहर है, और परिवार वाले रो-रोकर बुरा हाल है और अपनी किस्मत को कोस रहे हैं।

यह घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में जलाशयों के पास सुरक्षा उपायों की कमी को उजागर करती है।

## डीसी की अध्यक्षता में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समन्वय बैठक संपन्न



संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में कृषि समेत अन्य से संबंधित विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से कृषि, बैंकिंग सेक्टर (एल.डी.एम.), भूमि संरक्षण, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, सांख्यिकी, गव्य विकास, पशुपालन तथा कृषि टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी (आत्मा) से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु समन्वित प्रयास करने तथा योजनाओं का भौतिक व वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

बैठक में निम्न बिंदुओं पर विशेष चर्चा हुईः खरीफ मौसम में बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, किसानों को ऋण उपलब्धता की प्रगति, जलछाजन एवं भूमि संरक्षण परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण एवं जागरूकता, पीएम किसान,क्रेडिट कार्ड, एफपीएओ से जुड़ी पहल, मत्स्य पालन और पशुपालन योजनाओं की विस्तार रणनीति। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन पारदर्शी एवं समयबद्ध हो। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि लाभुकों को योजना की पूर्ण जानकारी मिले।बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी, एलडीएम, जिला मत्स्य पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, उद्यान एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### लगातार बारिश से रेहला में कच्चा खपरैल मकान गिरा, बच्ची की मौत

**विश्रामपुर :** लगातार हो रही बारिस के कारण विश्रामपुर नगर परिषद के रेहला शहर स्थित मिट्टी की दीवार वाला एक खपरैल मकान रविवार की रात करीब 10 बजे गिर गया। वार्ड-7 में स्थित मकान गिर जाने से मलबे में दबकर दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी है जबकि उसकी पास सो रही उसकी चार वर्षीया बहन गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिजनों ने मलबे की ढेर से दोनों बच्चियों को बाहर निकाला परंतु एक की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि अरुण दीक्षित की पत्नी अपनी दो बच्चियों को सुलाकर घर का कुछ काम कर रही थी।

## नवविवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में एक नई नवेली दुल्हन ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान थाना क्षेत्र के बड़हीबीघा निवासी राजू दास के 21 वर्षीय पत्नी रिंकी कुमारी के रूप की गई है, जो दो माह पहले ही अपने पति राजू के साथ विवाह बंधन में बंधी थी। घटना की जानकारी मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए चतरा भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जब महिला फांसी लगाई थी उस वक्त घर पर कोई सदस्य नहीं था सास खेत में धान के बिचड़ा देखने गई थी वही ननद कोचिंग गई हुई थी। जब सास और ननद घर पहुंची तो देखा की दरवाजा बंद है। इसके बाद परिजनों ने हो हल्ला किया। हल्ला सुनकर आस पड़ोस के ग्रामीण पहुंचे। इस दौरान लोगों ने छत पर चढ़ कर देखा तो मृतिका दुपट्टा के फंदे लगाकर झूल रही थी। इधर ग्रामीणों ने जब अंदर जाकर देखा तो देखा कि महिला मृत है। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए चतरा भेज दिया है।थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि इस मामले में विस्तृत से जांच की जा रही है। हमने सभी संभावित कारणों की जांच शुरू कर दी है। परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट हो सके। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रिंकी एक खुशमिजाज लड़की थी और उसका विवाह अभी दो माह पहले हुआ था। पड़ोसियों के अनुसार, परिवार में कोई बाहरी समस्या नहीं थी, लेकिन रिंकी के अचानक इस कदम उठाने से सभी हैरान हैं। मृतका के पति राजू कोलकला में मजदूरी करता है।जांच में जुटी पुलिस ने कहा है कि वे रिंकी के परिवार वालों से बात कर रहे हैं और उनकी भावनाओं का ध्यान रखते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ मामले की जांच करेंगे। रिंकी के मायके वालो का कहना है कि वे इस दुखद घटना के पीछे की सच्चाई जानने के लिए पुलिस की मदद कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि मामला नव विवाहिता का है इसलिए मामले की जांच गहनता से की जा रही है। हालांकि खबर लिखें जाने तक मायके पक्ष के द्वारा थाने में आवेदन नहीं दी गई थी।

## बैंक खाता में आधार अपडेट के दौरान फ्राड लिंक दबा, सात लाख ले उड़े

### भुक्तभोगी चतरा व प्रतापपुर थाना का लगा रहा दौड़

संवाददाता

**चतरा :** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी अशोक कुमार प्रजापति के बैंक खाते में अधार अपडेट के दौरान फ्राड लिंक दब जाने के कारण खाते में पड़ा सात लाख एक हजार पांच सौ अस्सी रुपए देखते देखते स्वाहा हो गया। भुक्तभोगी अशोक प्रजापति फरियाद लेकर सदर थाना पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके बैंक खाते में बार बार आधार अपडेट मांग रहा था। उन्होंने अपने परिचित प्रतापपुर के रहने वाले मिथलेश कुमार को इसकी जानकारी दी। मिथलेश कुमार नेटवर्किंग का काम करते हैं और मोबाइल के एक्सपर्ट भी है। मिथलेश कुमार ने उनका मोबाइल लिया और आधार अपडेट करने के लिए कुछ कुछ करने लगे। 10 मिनट बाद उनके चतरा स्थित केनरा बैंक के खाते से सात लाख एक हजार पांच सौ अस्सी रुपए की निकासी होने का मैसेज आया। पैसे निकासी का मैसेज आने के बाद वह दौड़े दौड़े सदर थाना पहुंचे। भुक्तभोगी ने इस मामले में संबंधित बैंक को भी आवेदन दिया है। इधर दूसरी ओर सदर थाना पुलिस ने भुक्तभोगी को इस मामले में अपने क्षेत्र के प्रतापपुर थाना में मामला दर्ज कराने की बात कही है।

## जिला स्तरीय 64वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता समाप्त

# फाइनल मैच में चतरा ने टंडवा को एक गोल से हराया




संवाददाता

**चतरा :** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में आयोजित अंतिम दिन,समापन में अंडर 17 बालिकाओं की प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रथम मैच मयूरहंड बनाम लावालौंग के बीच हुआ जिसमें मयूरहंड की टीम 2- 1 से विजेता बनी।दूसरा मैच पत्थलगड़ा बनाम प्रतापपुर के बीच हुआ जिसमें पथलगड्डा की टीम 3- 2 से विजेता बनी। तीसरा मैच सिमरिया बनाम टंडवा के बीच हुआ जिसमें टंडवा 1- 0 से विजेता बनी। चौथा मैच कुंदा बनाम इटखोरी के बीच हुआ जिसमें इटखोरी 2- 1 से प्लांटी शूटआउट में विजय हुई। पांचवा मैच हंटरगंज बनाम मयूरहंड के बीच खेला गया जिसमें मयूरहंड 2- 1 से विजय हुई।छठा मैच कान्हाचट्टी बनाम पत्थलगड़ा के बीच हुआ जिसमें कान्हाचट्टी प्लेंटी शूटआउट में विजय घोषित हुई। सातवां मैच टंडवा बनाम गिद्धौर के बीच हुआ जिसमें टंडवा 2- 0 से विजेता हुआ। आठवां मैच चतरा बनाम इटखोरी के बीच हुआ जिसमें चतरा की टीम एकतरफा मुकाबले में 6- 0 से विजय रही। पहला सेमीफाइनल मैच मयूरहंड बनाम टंडवा के बीच हुआ जिसमें टंडवा टीम 1- 0 से विजय रहा।दूसरा सेमी फाइनल मैच चतरा बनाम कान्हाचट्टी के बीच हुआ जिसमे चतरा की टीम 1- 0 से विजय हुई। तृतीय स्थान के लिए कान्हाचट्टी बनाम मयूरहंड के बीच मैच हुआ जिसमें मयूरहंड के टीम प्लांटि शूटआउट में एक गोल से विजय रहा। फाइनल मैच चतरा बनाम टंडवा के बीच हुआ जिसमे चतरा ने टंडवा को एक गोल से हरा दिया। विजेता टीमों को जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैच को सफल बनाने में सहायक कार्यकम पदाधिकारी राकेश पांडेय,जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा,सचिव राकेश सिंह कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी तथा रेफरी के रूप में वीरेंद्र कुमार दास,जगदीश सिंह भोक्ता,जोगेंद्र रविदास ,डब्लू राम, मेघनाथ गंझु , जीतन गंझु, रवि कुमार ,राहुल कुमार के अलावा प्रतिनियुक्ति सभी शारीरिक शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

बुद्ध स्मृति भवन ट्रस्ट द्वारा आयोजित छात्र प्रतिभा सम्मान का आयोजन सम्पन्न

# निरंतर अभ्यास, समय की पाबंदी, सहनशीलता और अनुशासन से मिलती है सफलताः सीपी सिंह




**मेट्रो रेज**

**रांचीः** छात्रों को लगातार अभ्यास, समय, क्रमबद्धता,सहन शीलता और अनुशासन की जरूरत है, तभी वह लक्ष्य की प्राप्ति होती है। ये बातें मुख्य अतिथि राँची के सीपी सिंह ने कहा। वे आज बुद्ध स्मृति भवन ट्रस्ट चुटिया द्वारा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर कहा, उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा । विशिष्ठ अतिथि डॉ सुदेश कुमार साहू , डीन, छात्र कल्याण संकाय, राँची विश्वविद्यालय ने कहा कि बच्चों को ये प्रतिभा अपने से नहीं मिल रहा बल्कि उनके माता पिता, शिक्षक रिश्तेदार दोस्त जो समय समय पर गाइड किये उनका भी बड़ा योगदान रहता है। जब भी मेरी किसी की जरूरत होगी हर समय मैं आप लोगों के लिए उपलब्ध रहूँगा। आज शैक्षणिक कैरियर काउन्सलिंग के लिए राँची के प्रसिद्ध वकील रविन्द्र कुमार साहू ने वकालत से सम्बंधित शिक्षण प्रणाली पर रास्ता दिखलाए। उन्होंने वकील के प्रकार, उनकी डिग्री, उनका पद आदि पर भी बहुत अच्छी तरह से व्यायाख्यान दिए। डॉ चांदनी नाथ वाईवीएन स्कूल के प्राचार्या ने बच्चों को कहा कि शिक्षा किसी भी बातों को वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण करने और समझ विकसित करने का मार्गदर्शक के रूप में ज्ञान देती है। उन्होंने उच्च शिक्षा के सम्बंध में बात की उदाहरण देते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर होने के लिए कहा। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन में अनुशासन, शिक्षण प्रणाली और उनका उपयोग पर चर्चा की। कार्यक्रम में बच्चु प्रसाद, बसन्तु जी भी विचार रखे। स्वागत भाषण महाबीर कुशवाहा, विषय प्रवेश सूरज महतो कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरधारी महतो ने किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद कुमार, सचिव, बुद्ध स्मृति भवन ट्रस्ट ने किया। ट्रस्ट द्वारा लगातार यह 15 साल प्रतिभा सम्मान करते आ रही है। इसमें झारखण्ड बोर्ड के 10 वीं और 12 वीं के तीनों संकाय विज्ञान, कला और वाणिज्य के छात्र जो 70% और सी बी एस सी और आई सी एस सी के 10 वीं और 12वीं के तीनों संकाय में 75% से ऊपर अंक लाये हैं वैसे छात्रों को मेडल और सर्टिफिकेट दे कर 278 छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनार्दन प्रसाद, जनक महतो, रामलखन महतो, विगेन्द्र कुशवाहा, असंख्य महतो, भरतलाल महतो, कैलाश कुमार, प्रेम रंजन महतो, अवधबिहारी महतो, संगीता देवी, इंदुमती देवी, अंजली सेन, सती सिन्हा, रणजीत कुमार, पुष्पा टोप्पो, कल्पना दास, रवि प्रकाश, बासुदेव सिंघा, गोविंद थापा, सरोज दास,संतोषी , शोभा, बीना प्रधान, पूनम, सुमन, सोनी, एकता पल्लवी, मीना चौधरी,मोनिका, प्रीति साहू, के साथ सैकड़ो अभिभावक शामिल थे। कार्यक्रम के बाद सभी छात्रों और उनके अभिभावकों के साथ सभी मिल कर अल्पाहार किया जायेगा।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच शिविर आयोजित कर मनाया धोनी का बर्थडे

**मेट्रो रेज**



**रांचीः** महेंद्र सिंह धोनी जी के जन्म दिन के शुभ अवसर पर छात्र क्लब चिकित्सा मंच यूनिट(छात्र क्लब ग्रुप) की ओर से निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन चेन्नई ऑप्टिकल(पिस्कामोड़ कांति मार्केट)मे किया गया।शिविर का शुभारंभ क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,वरीय संरक्षक विजय कुमार पाठक,लीगल एडवाइजर अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य एवं प्रसिद्ध समाजसेवी मो.रियाजउद्दीन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संचालन चेन्नई ऑप्टिकल के निदेशक शाजिद आलम ने किया।जाने माने प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूजा रानी एवं डॉ.एम.ए.आलम द्वारा 13 लोगों के नेत्रों की जांच की गई साथ ही उन्हें नेत्रों के बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक टिप्स भी दी गई।कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व जरूरतमंद लोगों के बीच निःचश्मे का वितरण भी किया गया।इसके पूर्व क्लब की ओर से धोनी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर उनके लंबी उम्र, स्वास्थ्य लाभ,सुखमय जीवन एवं उज्जवल भविष्य की कामना एवं नन्हें मुन्हें बच्चों के बीच बिस्किट्स,चॉकलेट,मिठाइयां एवं पाठ्य सामग्री वितरण की गई।

डॉक्टर राजेंद्र कुमार हाजरा ने महान भारतीय क्रिकेटर कैप्टन कुल महेंद्र सिंह धोनी के उपलब्धियों को विस्तृत रूप से बतलाया एवं कहा हमें ऐसे खिलाड़ी धोनी पर गर्व है।

इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप मे छात्र क्लब ग्रुप के वरीय संरक्षक प्रेमशंकर मिश्रा,अमित कुमार मिश्रा,राजेश केडिया,दीपक कुमार साहू,एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,संरक्षक अवधेश कुमार शर्मा,पिंटू शर्मा,रमेश मिस्त्री,प्रवक्ता दीपक कुमार राणा मौजूद थे। शाजिद आलम ने कहा आयुष्मान कार्ड के द्वारा फ्री मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए हमसे संपर्क कर सकते हैं। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से मोहम्मद सद्दाम अहमद,अशोक कुमार राणा,कुमारी ललिता,जीतन साव,मोहम्मद नागिम अंसारी,अमितेश कुमार,मो. शमीम अहमद आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समाजसेवी सुरेश कुमार साहु ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## पुलिस विभाग के सभी कार्यालयों में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग

**संवाददाता**

**रांचीः** राजधानी रांची के समाजसेवी सुरेश कुमार साहु ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर झारखंड राज्य के पुलिस विभाग के सभी कार्यालयों में वित्तीय अनियमितता एवं गलत ढंग से रिर्टन एवं ई टीडीएस कार्यो की जांच कराने की मांग की है। पत्र में उन्होने बताया कि आदित्य अग्रवाल एवं उनके भाई विवेक अग्रवाल (सीए), अपने फर्म विवेक बी अग्रवाल एंड कं. कार्यालय का पता-अकांक्षा भवन, कृष्णा कटरा, मिट्ठु रोड, घोबाटोंड, बैंक मोड़, धनबाद, झारखंड-826001 द्वारा पूरे झारखण्ड के पुलिस विभाग जिसमें सारे एसपी, एसएसपी, डीजीपी, इंडियन रिर्जब, बटालियन, झारखंड आर्म एवं पुलिस विभाग के अन्य कार्यालयों के ई-टीडीएस फाइलिंग का कार्य मनमाने दर पर विभाग से मिलीभगत कर करते आ रहें हैं।

इन्कम टैक्स ई-टीडीएस फाइलिंग करने का फी कैसे तय होता है यह भी स्पष्ट नही होता है। ये मनमाने ढंग से अपनी इच्छानुसार फी तय करतें हैं तथा बड़े अफसरों से दवाब दिलाकर अपना भुगतान करा लेतें है, जो प्रतिवर्ष करोड़ों में होता है। अगर किसी कार्यालय का कोई इमानदार कर्मचारी इनके गलत कामों का विरोध करता है तो उसे अपने प्रभाव एव्र पैसों के बल पर अधिकारी से परेशान करवाते है, ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है। समाजसेवी सुरेश कुमार साहु ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि इन तमाम कार्यों की जाँच हो तथा झारखण्ड के पुलिस विभाग के प्रत्येक जिले का ई-टीडीएस फाइलिंग का कार्य किस प्रकार से उन्हें ही आवंटित हो जाता है तथा कार्य का रेट कैसे तय किया जाता है तथा इनके द्वारा किए गए कार्यों का पूरे राज्य के पुलिस विभाग के सभी कार्यालयों में वित्तीय अनियमितता एवं गलत ढंग से रेट एवं ई-टीडीएस कार्यों की जाँच करायी जाये।

भारी बारिश का कहर

## घरों में घुसा पानी, कई जगह पुल-पुलिया और डायवर्सन बहे, आम लोग परेशान

**रांचीः** राज्य में भारी बारिश से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी रांची में भारी बारिश से निचले इलाकों में पानी जमा हो गया है जिसके कारण आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कई लोगों के घर में भी पानी घुस गया है।



**खेतों में लगी सब्जियां पूरी तरह से नष्टः** रांची के नदी-नाले और डैम सहित सभी जल स्त्रोत लबालब भर गए हैं। इसके अलावा राज्य में कई जगह पुल-पुलिया और डायवर्सन बह गए हैं। भारी बारिश के चलते कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। खेतों में पानी जमा होने से किसान बिचड़े नहीं लगा पा रहे हैं और खेतों की जुताई भी नहीं कर पा रहे हैं। भारी बारिश से खेतों में लगी सब्जियां पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। इससे सब्जियों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। रांची में सोमवार को अधिकतम तापमान 28.2, जमशेदपुर में 30, डालटेनगंज में 31.8, बोकारो में 31.1 और चाईबासा में तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के जिन 14 जिलों में भारी बारिश से जन- जीवन प्रभावित हुआ है उनमें रांची में सबसे अधिक 648.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

**रांची और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिशः** वहीं अन्यजिलों में पूर्वी सिंहभूम में 694.6, पश्चिमी सिंहभूम में 463.9, सिमडेगा में 567.9, सरायकेला-खरसावां में 582.1, रामगढ में 566.1, पलामू में 345.4, लोहरदगा में 431.1, लातेहार में 592.6, खूंटी में 464.7, गुमला में 399.5, धनबाद में 421.4, चतरा में 413.7 और बोकारो जिले में 342.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। रांची और आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश हुई। बारिश से लोगों को रोजमरर के कामों में परेशानी हुई। बच्चों को भी स्कूल जाने में दिक्कत हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश लातेहार जिले के चंदवा में 90.2, मिमी बारिश दरज की गई।

## केंद्र के मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ 9 जुलाई को देश व्यापी बंद का समर्थन करेगा राजद

**रांचीः** केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ श्रमिक संगठनों के आवाहन पर 9 जुलाई 2025 दिन बुधवार को देश व्यापि हड़ताल का झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल पुरजोर समर्थन करती है। राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के आवाहन पर प्रदेश राजद के सभी पदाधिकारीगण सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं उसके पदाधिकारीगण जिला एवं महानगर के पदाधिकारीगण तथा सम्मानित कार्यकर्ता अपने-अपने जिलों में इस हड़ताल के समर्थन में झंडा बैनर के साथ योगदान देते हुए केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ श्रमिक संगठनों द्वारा हड़ताल कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य करेंगे।

## किता स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर ठेकेदार ने काटे कई कीमती पेड़

**सिल्लीः** मुरी - रांची के बीच किता स्टेशन का रेलवे की ओर से यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करने का काम काफी दिनों से जोरों पर चल रहा है इस काम में करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे है, इस बीच बताया जा रहा है कि ठेकेदार का मनमानी ऐसा की वन विभाग से बिना एनओसी लिये स्टेशन के समीप स्तिथ जंगल के सैकड़ो साल का पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिये, मजे की बात यह है कि ग्रामीण बताते है । उखाड़े गए साल का पेड़ साथ ही साथ गायब भी हो गया। ठेकेदार ने जिस वन क्षेत्र के पेड़ों को उखाड़ा है वहां पर जंगल के उखाड़े गए पत्थरों का डंप किया करता है। इस संबंध में पूछने के लिए ठेकेदार से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नही हो पाया, लोगों ने बताया बताया ठेकेदार से सम्पर्क होना उतना आसान नही, वही वन विभाग के प्रभारी वनपाल से इस संबंध में पूछे जाने पर कहा ठेकेदार ने कुछ कागजे भेजे है जिसमें केंद्र सरकार के कार्यों में फॉरेस्ट विभाग से अनुमति लेने का आवश्यकता नहीं है। इधर स्थानीय ग्रामीण बताते है ठेकेदार संबंधित विभाग सभी लोग मिले हुए है सिर्फ कहने को सबके लिए कानून बराबर है अगर सबके लिए कानून बराबर होता है तो गांव के एक गरीब किसान या कोई आम आदमी निजी कार्य के लिए जंगल का एक पेड़ काटता है तो उस पर कानून टूट पड़ता है।

# सावन में पहाड़ी मंदिर में होगी विशेष पूजा-अर्चना महाआरती और भोले की दौड़ का होगा आयोजन

**संवाददाता**

**रांचीः** सावन का पवित्र महीना 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस दौरान सभी शिवालयों में भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी। इस साल भी रांची के पहाड़ी मंदिर में सावन की हर सोमवारी पर अलग-अलग तरीकों से संध्या महाआरती किया जायेगा। पहाड़ी बाबा के मुख्य द्वार पर शाम पांच बजे से महाआरती होगी। इसके बाद खीर महाभोग वितरित किया जायेगा।




**भोले की दौड़ का आयोजनः** इसे लेकर आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि यह लगातार चौथा साल है, जब हर सोमवारी पर मुख्य द्वार पर महाआरती होगी. दूसरी सोमवारी 21 जुलाई की सुबह छह बजे स्वर्णरेखा नदी से लेकर पहाड़ी बाबा के महाकाल मंदिर तक रिले रेस की तरह भोले की दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इसमें जीतने वाले भक्तों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं, तीसरी सोमवारी में संध्या महाआरती और चौथी सोमवारी में महाभंडारा होगा।

**रक्षा राज्य मंत्री और डीसी को सौंपेंगे ज्ञापनः** इधर, पहाड़ी मंदिर बचाने को लेकर राष्ट्रीय युवा शक्ति के सदस्यों की बैठक बुलायी गयी। दो दिनों से राजधानी के प्रमुख अखबार द्वारा पहाड़ी मंदिर की दुर्दशा पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव जल्द ही रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे. इसमें सात सूत्री मांगों से संबंधित सूची भी सौंपी जायेगी।

**क्या है समिति की मांगः** इनमें पहाड़ी मंदिर विकास समिति का पुनर्गठन करने समिति में महिलाओं को जगह देने, पहाड़ी मंदिर से फ्लैग पोल को हटाने, सावन माह में अलग-अलग मंडलों द्वारा विशेष पूजा पर रोक लगाने, पहाड़ी मंदिर में आनेवाले कांवरियों को देखते हुए सभी प्रमुख मार्ग पर लाइट की व्यवस्था करने और सड़क को दुरुस्त करने, स्वणीखा नदी से जल उठाकर पहाड़ी मंदिर आनेवाले कांवरियों के लिए लाइट की व्यवस्था करने और सावन की हर सोमवारी पर महिला वॉलेंटियर नियुक्त करने की मांग शामिल हैं।

**समाहरणालय, खूँटी**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी)**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा संख्या–10/2025–26

खूँटी जिलान्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में खाद्य–अखाद्य सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 24.07.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 24.07.2025 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी
परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0,खूँटी
PR 356694 District(25-26).D

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(नजारत शाखा)**

-: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-

परिसदन भवन, हजारीबाग का रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग एजेन्सी के माध्यम से किया जाना है। उपायुक्त, हजारीबाग के आदेशानुसार हजारीबाग जिला का नया एवं पुराना परिसदन भवन का सुचारु रुप से संचालन, रख–रखाव, सफाई एवं अतिथि सेवा के लिए इच्छुक पंजीकृत एजेन्सियों/फर्मों/व्यक्तियों से मोहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।

सभी इच्छुक एजेन्सी/निविदादाता को निदेश दिया जाता है कि अपने निविदा को उपायुक्त कार्यालय, जिला नजारत शाखा, हजारीबाग में दिनांक.–18.07.2025 के अपराहन् 03:00 बजे तक स्वयं अथवा निबंधित डाक के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करेगें।

निविदा की शर्तें एवं नियम जिला प्रशासन, हजारीबाग के अधिकारिक वेबसाईट www.hazaribag.nic.in में अपलोड कर दिया गया है, जिससे प्राप्त किया जा सकता है।

उपायुक्त के आदेश से,
ह0–
प्रभारी पदाधिकारी,
नजारत शाखा, हजारीबाग
PR 356664 District(25-26)#D

**कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी**

आम सूचना
(Mediation "For the Nation" Campaign 90 Day Mediation Drive)
दिनांक- 01 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय नालसा नई दिल्ली के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी द्वारा दिनांक–01.07.2025 से 30.09.2025 तक विशेष मध्यस्थता का आयोजन व्यवहार न्यायालय खूँटी के मध्यस्थता केंद्र में किया जाएगा। इसमें लंबित सभी सुलहनीय मामलों को व्यवहार न्यायालय खूँटी में आपसी सुलह समझौता तथा मध्यस्थता के आधार पर किया जाएगा।
इस विशेष मध्यस्थता अभियान में निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा।
- वैवाहिक विवाह से संबंधित वाद/मामले
- घरेलू हिंसा से संबंधित मामले
- मोटर यान दुर्घटना से संबंधित मामल जिसमें दुर्घटना प्रतिवेदन एवं राज्य परिवहन विभाग से संबंधित मामले शामिल हो
- प्राक्रम्यविलेख की धारा 138 के मामले (चेक बाउन्स से संबंधित)
- व्यवसायिक विवादों से संबंधित मामले
- सेवा से संबंधित मामले
- सुलहनीय अपराधिक मामले
- उपभोक्ता विवाद से संबंधित मामले
- ऋण विवाद से संबंधित मामले
- विभाजन विवाद से संबंधित मामले
- बेदखली विवाद से संबंधित मामले
- भूमि अधिग्रहन से संबंधित मामले
- अन्य उपयुक्त सिविल वाद

अतः सामान्य जनता, समस्त वादकारीगण एवं संबंधित पक्षकारों से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों को से संबंधित वादों को उक्त मध्यस्थता अभियान मे निष्पादित कराकर लाभ उठायें तथा इसे सफल बनायें।

➢ उक्त मध्यस्थता अभियान के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायलय परिसर, खूँटी में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूँटी के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष संख्या 8789697778 मे संपर्क कर सकते हैं।

नोटः– विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें टोल फी नं0– 15100 या मोबाईल नं0– 8789697778

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी
PR 356708 Law (25-26)_D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## प्रयोगों ने मार दिया गुरु

हमारी शिक्षा व्यवस्था एक बच्चे के बाल्यकाल से जवानी के कम से कम ढाई दशक ले लेती है। व्यक्तित्व मूल्यांकन की कसौटी पर चढ़ते हैं अभिभावक, जबकि बच्चों के जीवन के पहले 25 वर्ष स्कूल, कालेज व विश्वविद्यालय के प्रांगणों में गुजर जाते हैं। प्रांगण बढ़ते गए, लेकिन बच्चों के जिंदगी के 25 साल जाया होने लगे। जिंदगी की कल्पना, भविष्य की ऊर्जा और सपनों की चहलकदमी शिक्षण संस्थानों में होनी चाहिए, लेकिन वहां महज परीक्षा के मूल्यांकन ने समाज का सोच और शिक्षा का इतिहास बदल दिया। प्रयोग इतने कि शिक्षक व्यवस्था का कर्मचारी और विभिन्न नीतियों का बंधुआ हो गया। शिक्षा और छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण से इतर अगर शिक्षक को अपनी कलम घिसनी पड़े, तो यह श्रम साधना नहीं, बल्कि शिक्षा को आगे धकेलना है। बेशक कारण बताओ नोटिस की फांस शिक्षक को जवाबदेह बना सकती है, लेकिन सरकारी स्कूलों की मिट्टी में अब बचा क्या है। सर्वेक्षण करवा कर देखें कि सरकारी स्कूलों में प्रवेश पाने वाले बच्चों के अभिभावक सिर्फ इसलिए उन्हें वहां भेज रहे हैं ताकि फिर वे अपने बच्चों के प्रति बेपरवाह-लापरवाह होकर निश्चिंत रहें। जाहिर है सरकारी स्कूलों में अगर उत्साहपूर्वक माहौल नहीं रहा, तो नीतियों और कार्यक्रमों की लंबी फाइलें भी दोषी हैं। आश्चर्य यह है कि स्कूली बच्चों के व्यक्तित्व, भविष्य और ज्ञान के निर्माण में हो क्या रहा है। हमने स्कूलों में शिक्षा का परिवेश स्थापित नहीं किया। विभाग वार्षिक अवकाशों की गुगली फेंकता है, तो स्थानांतरण के नाम पर सियासत के करिश्मे अध्यापकों के बहुतायत वर्ग को कार्यकर्ता बना देते हैं। पढ़ाने से किस शिक्षक को मन पसंद स्टेशन मिला, उसे तो राजनीति की दुम हिलाने से पुरस्कार मिलते हैं। जिन्हें पुरस्कार मिलते हैं या मिल चुके हैं, क्या वे बेहतर पीढ़ी बना पाए। हमारा मानना है शिक्षा के लिए शिक्षक का अधिकतम योगदान कलम-दबात और क्लास रूम के घंटों में निरुपित होना चाहिए। इसके लिए शिक्षा की मान्यताएं व स्कूलों के वार्षिक समारोह के मुख्यातिथि भी बदलने होंगे। इलाके के पूर्व सैन्य अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, चर्चित वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, शिक्षाविदों, खिलाड़ियों, स्वयं सहायता समूहों के संचालकों, सफल उद्योगपतियों, व्यापारियों और समाजसेवी इत्यादि को ऐसे समारोह में बुलाया जाना चाहिए। शिक्षण संस्थाओं को राजनीति से दूर करने के लिए क्या इनके साथ चस्पां नेताओं के नाम हटाए जाएंगे। बहरहाल, बात उन बदलावों की करें तो हिमाचल सरकार ने शिक्षण संस्थानों की उपयोगिता के कुछ भौतिक मानदंड बनाए हैं और इसीलिए 546 स्कूलों को मर्ज या बंद करने की प्रक्रिया चल रही है। 78 स्कूल जो पहले ब्वायज या गर्ल्ज के नाम थे अब संयुक्त परिपाटी में घट कर कम हो जाएंगे। ऐसे या शहरी स्कूलों के कुछ परिसर डे बोर्डिंग में परिवर्तित करके वहां सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत संचालन की घोषणा अपने आप में साहसिक व निपुण फैसला है। इसी तर्ज पर प्रदेश सरकार 75 से कम संख्या के सरकारी कालेजों को बंद करने के तर्क पर काम कर रही है। अगर बीस-पच्चीस कालेज बंद भी होते हैं, तो इससे शिक्षा की गुणवत्ता व व्यावहारिकता में ही असर होगा। मंत्री महोदय को हिमाचल के सरकारी विश्वविद्यालयों पर भी विवेचन करना चाहिए। मंडी व हमीरपुर के तकनीकी विश्वविद्यालयों के आंचल में ऐसा क्या नया है कि हमारा अध्ययन शोध और नवाचार की नई सीढ़ियां चढ़ गया। हिमाचल के उपभोक्ता से पूछें या बंजर खेत की किसानी से पूछें कि कृषि विश्वविद्यालय का असली योगदान है कहां। बागबानी विश्वविद्यालय की पौध से पूछें या किसी निजी नर्सरी में बिकते फलदार पौधों की गुणवत्ता से तौल कर सरकारी संस्थान को नकार दें। आखिर कितने एमबीए, एमसीए और दूसरे पाठ्यक्रम चलाकर आप हिमाचल के बच्चों को स्वरोजगार से जोड़ेंगे। खुलासा स्कूली शिक्षक का आसानी से हो जाता है, लेकिन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और मेडिकल कालेज की फैकल्टी से कौन पूछेगा कि उनकी पढ़ाई का स्तर क्यों श्रेष्ठता में दर्ज नहीं हो रहा।

## वंचना के परिसर

**देश** में शिक्षा की सूरत में सुधार के लिए सरकारों ने समय-समय पर अनेक कदम उठाए और समाज के सभी तबकों तक पढ़ाई-लिखाई की पहुंच बनाने के लिए विशेष नियम-कायदे बनाए। मगर सच यह है कि तमाम कानूनी प्रावधानों के बावजूद आज भी गरीब परिवारों के बच्चे भारी तादाद में स्कूलों से बाहर हैं। अगर आर्थिक रूप से कमजोर कोई परिवार अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा मुहैया करने की इच्छा से निजी स्कूल में दाखिला कराना चाहता है तो उसकी राहों में कई तरह की बाधाएं खड़ी हो जाती हैं। ऐसा उन निजी स्कूलों की ओर से भी किया जाता है, जिनके लिए बाकायदा कानूनी तौर पर इस नियम को पालन करना जरूरी बनाना गया है कि वे अपने यहां कुल दाखिलों में कुछ खास हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए सुरक्षित रखेंगे। गरीब बच्चों को दाखिले से वंचित करने के ऐसे लगातार मामलों को देखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने एक आदेश में साफतौर पर कहा कि निजी स्कूलों को पच्चीस फीसद सीटों पर कम आय वर्ग के बच्चों को दाखिला देना ही होगा। सुनवाई के दौरान अदालत ने साफतौर पर कहा कि उन स्कूलों की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, जो शिक्षा का अधिकार कानून के उल्लंघन में लिप्त पाए गए हैं। सवाल है कि शिक्षा का अधिकार यानी आरटीई अधिनियम के लागू होने के करीब बारह साल बाद भी यह स्थिति क्यों है कि किसी अदालत को यह याद दिलाना पड़ रहा है कि इस कानून का उल्लंघन हो रहा है और सरकार इसे सख्ती से लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाए। आरटीई कानून के प्रावधानों के मुताबिक कक्षा में घोषित कुल सीटों में से पच्चीस फीसद पर आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित समूहों के बच्चों को दाखिला मिलना चाहिए। लेकिन अगर निजी स्कूलों में इस नियम का खुला उल्लंघन हो रहा है तो इसकी वजह क्या है और सरकार को इतने गंभीर मामले पर अपनी ओर से सक्रिय होना और समय पर कार्रवाई करना क्यों जरूरी नहीं लगा? ऐसे में अदालत ने उचित ही निजी स्कूलों के साथ-साथ दिल्ली सरकार को भी फटकार लगाई और शिक्षा का अधिकार कानून पर अमल के लिए सख्ती बरतने को कहा। अदालत की यह टिप्पणी अहम है कि देश आज आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, मगर सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता अभी हमसे दूर है; अब वक्त आ गया है कि न्यायपालिका लोगों तक पहुंचे, न कि लोगों के इसके दरवाजे पर पहुंचने का इंतजार किया जाए, क्योंकि गरीब बच्चों को शिक्षा के मौलिक अधिकार का लाभ उठाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने को मजबूर किया जा रहा है। दरअसल, दिल्ली सरकार ने अपने कामकाज में सबसे ज्यादा प्रचार इस बात का किया है कि उसने यहां शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम किए हैं, सभी तबकों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित की है और इसकी समूची तस्वीर बदल दी है। मगर इसके समांतर यह हकीकत क्यों है कि गरीब या वंचित तबकों के बच्चों को अपने शिक्षा के अधिकार बाधित होने की वजह से अदालत की शरण में जाना पड़ रहा है?

# बढ़ती मानव आबादी के खतरे

जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन द्वारा प्रकाशित द्विवार्षिक रिपोर्ट बताती है कि कैसे वन्यजीव निरंतर घटती जैव-विविधता और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते दबाव झेल रहे हैं। लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर निगरानी वाले वन्यजीव की आबादी में 1970 और 2018 के बीच 94 फीसदी की औसत गिरावट गिरावट देखी गई है। इसी अवधि के दौरान, अफ्रीका में निगरानी आबादी में 66 फीसदी की गिरावट आई, जबकि एशिया-प्रशांत की निगरानी आबादी में 55 फीसदी ह्रास दर्ज किया गया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने पाया है कि मीठे पानी में रहने वाले जंतुओं की आबादी में सबसे अधिक गिरावट आई है-1970 और 2018 के बीच औसतन 83 फीसदी की गिरावट।

**योगेन्द्र योगी**

विगत पांच दशकों में दुनिया में मानव आबादी लगभग दोगुना से अधिक बढ़ गई है, मगर इतने समय में ही वन्यजीवों की आबादी में 69 फीसदी की गिरावट आई है। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 2022 की रिपोर्ट में प्रकाशित यह तथ्य धरती पर पारिस्थितिकी तख्तापलट जैसी घटना को दशार्ता है। विश्व वन्यजीव कोष की नवीनतम लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट के अनुसार, स्तनधारियों, पक्षियों, उभयचर, सरीसृप और मछली सहित अनेक प्रजातियों की संख्या में 1970 और 2018 के मध्य भारी गिरावट देखी गई है। भारत भी वन्यजीवों के उजड़ने से अछूता नहीं है। वन्यजीवों की आबादी में निरंतर कमी के पीछे मानव-जनित घटनाओं के साथ जलवायु परिवर्तन भी है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'बढ़ते तापमान पहले से ही बड़े पैमाने पर मृत्यु दर की घटनाओं को बढ़ा रहे हैं, साथ ही जीव प्रजातियों के विलुप्त होने का प्राथमिक कारण बन रहे हैं। प्रत्येक डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने से वन्य जीवों के नुकसान और लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव में वृद्धि की आशंका है।' डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, इंडिया के कार्यक्रम निदेशक डॉ. सेजल वोरा के अनुसार, इस अवधि में देश में मधुमक्खियों और मीठे पानी के कछुओं की 17 प्रजातियों की आबादी में गिरावट देखी गई है। रिपोर्ट में पाया गया है कि हिमालयी क्षेत्र और पश्चिमी घाट जैव-विविधता के क्षरण के मामले में देश के प्रमुख क्षेत्रों में से हैं, जहां तापमान में वृद्धि होने पर जैव-विविधता के नुकसान बढ़ने की आशंका है। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, इंडिया के महासचिव रवि सिंह का कहना है, 'हाल में चीतों के स्थानांतरण जैसी परियोजना वन्य प्रजातियों के संरक्षण का अच्छा उदाहरण है, और भारत ने प्रोजेक्ट टाइगर तथा एक सींग वाले राइनो और शेरों के संरक्षण जैसी सफलताएं देखी हैं। इन प्रजातियों के संरक्षण का उस आवास क्षेत्र में रहने वाली अन्य सभी प्रजातियों पर प्रभाव पड़ता है।' जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन द्वारा प्रकाशित द्विवार्षिक रिपोर्ट बताती है कि कैसे वन्यजीव निरंतर घटती जैव-विविधता और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते दबाव झेल रहे हैं। लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर निगरानी वाले वन्यजीव की आबादी में 1970 और 2018 के बीच 94 फीसदी की औसत गिरावट गिरावट देखी गई है। इसी अवधि के दौरान, अफ्रीका में निगरानी आबादी में 66 फीसदी की गिरावट आई, जबकि एशिया-प्रशांत की निगरानी आबादी में 55 फीसदी ह्रास दर्ज किया गया। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने पाया है कि मीठे पानी में रहने वाले जंतुओं की आबादी में सबसे अधिक गिरावट आई है-1970 और 2018 के बीच औसतन 83 फीसदी की गिरावट। आईयूसीएन रेड लिस्ट से पता चलता है कि साइकैड्स (बीज पौधों का एक प्राचीन समूह) सबसे अधिक खतरे वाली प्रजातियां हैं, जबकि कोरल रीफ सबसे तेजी से घट रहे हैं और उसके बाद उभयचर। दुनिया भर में वन्यजीवों की आबादी में गिरावट का मुख्य कारण है, उनके प्राकृतिक आवासों, विशेषकर वनों का क्षरण और दोहन। वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों में पौधों और जंतुओं की आक्रामक प्रजातियों का अतिक्रमण हो रहा है, जिससे मूल वन्यजीवों को पर्याप्त आहार नहीं मिल पा रहा है और ऊपर से वे आक्रामक जंतुओं के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और बीमारी वन्यजीवों की आबादी घटाने वाले अन्य कारण हैं। अबाध गति से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए भूमि-उपयोग में परिवर्तन भी प्रकृति के लिए बड़ा खतरा है। जो प्राकृतिक परिवेश वन, जीव-जंतुओं के मूल निवास थे, उनमें से अधिकांश को कृषि भूमि, सड़कों, पर्यटक स्थलों और मानव आवासों के विकास हेतु अधिकृत कर लिया गया है। सबसे अनमोल संसाधन भूमि है और आर्थिक विकास उसके उपयोग का केंद्र-बिंदु बन गया है। अगर हम धरती के तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में असमर्थ होते हैं, तो आशंका है कि आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन ही जैव-विविधता के विलोप का प्रमुख कारण होगा। उदाहरण के लिए, समुद्री जल के गर्म होने से लगभग 50 फीसदी कोरल पहले ही विलुप्त हो चुके हैं। रिपोर्ट में यह भी तथ्य सामने आया है कि स्थलीय कृषि, जलीय कृषि और तटीय विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रति वर्ष 0.13 फीसदी की दर से मैंग्रोव की कटाई जारी है। तूफान और तटीय कटाव जैसे प्राकृतिक कारणों के साथ-साथ अति दोहन और प्रदूषण से कई मैंग्रोव विनष्ट हो जाते हैं। मैंग्रोव जैव-विविधता संरक्षण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण प्राकृतिक आवास हैं और तटीय समुदायों की अनेकानेक सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति मैंग्रोव से ही होती है। उदाहरण के लिए, 1985 के बाद से सुंदरवन मैंग्रोव का 137 किलोमीटर हिस्सा नष्ट हो गया है, जिससे वहां रहने वाले एक करोड़ लोगों में से कई के लिए भूमि और पारिस्थितिक सेवाएं कम हो गई हैं। स्वच्छ और निर्मल धाराएं जीव-जंतुओं के आवास का प्राकृतिक स्रोत हैं। लेकिन केवल 37 फीसदी नदियां ही बची हैं, जो 1,000 किलोमीटर से अधिक लंबी हैं और मुक्त बहती हैं। भारत में शेष नदियां मुक्त-प्रवाह की अवस्था में नहीं रह गई हैं। जब बहती नदी प्रदूषित हो जाती है और उसका प्रवाह अवरुद्ध होने लगता है, तो उसके अंदर पनपने वाले जीव-जंतुओं का अस्तित्व समाप्त होने लगता है। भौगोलिक रूप से दक्षिण पूर्व एशिया वह क्षेत्र है, जहां प्रजातियों के विलुप्तीकरण के खतरे ज्यादा हैं, जबकि ध्रुवीय क्षेत्रों और ऑस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी तटों पर जलवायु परिवर्तन के उच्चतम प्रभाव की आशंकाएं दिखाई पड़ रही हैं।

# मोदी के खिलाफ बिलबिला ?

पाकिस्तान की समा टीवी पर एक प्रोग्राम आता है, ब्लैक एंड वाइट। फीमेल ऐंकर ने सलाम करने के बाद सीधे अपने गेस्ट पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार हसन निसार से पूछ लिया- जनाब, आज 16 दिसंबर है, सियाह तरीन दिन है जितना अफसोस किया जाए उतना कम है। क्या कहेंगे? गेस्ट सिर झुकाए कहते हैं, ह्यअ जी, मुझे सुबह से एक अजीब तरह का डिप्रेशन है। बहुत ज्यादा डिप्रेशन है। थोड़ा सा नहीं, हमारे जो कैमरामैन हैं ये भी कह रहे थे। एक मुल्क का टूटना इससे ज्यादा भयानक वारदातें किसी भी कौम के साथ क्या हो सकती हैं। देखो, मेरी नस्ल खुशनसीबी और बदनसीबी का हैरतअंगेज मिश्रण है। खुशनसीबी ये कि जब पाकिस्तान बना, हम लोग नहीं थेङ्घ हमने वो तबाही, बबार्दी, जिल्लत नहीं देखी है। लेकिन उसके बाद सारी कसर निकल गई।

**अनुराग मिश्र**

जब से पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने मुस्कुराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे हैं, भारत में लोग काफी गुस्सा हैं। चर्चा पाकिस्तान में भी है, लेकिन सियासी मजबूरियों से बंधे लोगों की ये आदतें अब वहां के लोगों से छिपी नहीं है। पाकिस्तान का इतिहास पलटकर देख लीजिए जो भी प्रधानमंत्री या सरकार में रहा है, भारत के खिलाफ दुश्मनी के ऐंगल को उसने सियासी फायदे के लिए खूब भुनाया। इमरान खान से दोनों देशों की आवाम को उम्मीद थी लेकिन आखिर में वह भी सियासी पिच के खिलाड़ी बनकर रह गए। ऐसे में भारतीयों को समझना होगा कि भाई, बिलावल (#इ‍ॅ'ॅ६'ईँ४३३ङ्क) ने कुछ भी ऐसा नहीं किया है जो अप्रत्याशित हो। 16 दिसंबर की तारीख, एक दिन पहले मुंबई हमले की गवाह नर्स का संयुक्त राष्ट्र में कसाब के कच्चे चिट्ठे को सामने रखना, उसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर का प्रेसवार्ता में पाकिस्तान को लताड़ना, बेचारे पाकिस्तानी बौखलाएंगे नहीं तो क्या करेंगे। उन्हें समझ में ही नहीं आ रहा कि 1971 का जख्म छिपाएं या आतंक के सौदागरों का कारनामा। इसमें सबसे अच्छा यही है कि अपनी बात न करो, उल्टा भारत की सियासत में कूद पड़ो। बहरहाल, बिलावल ने 2002 के गुजरात दंगों का जिक्र करते हुए जिस तरह से मुसलमानों का रहनुमा बनने की कोशिश की है, उससे एक चीज जरूरी हो जाती है कि हर शख्स को सच्चाई पता चले भले ही वह भारतीय हो या पाकिस्तानी। यह भी समझना दिलचस्प है कि आखिर बिलावल ने सर्द मौसम में दांत दिखाते हुए माहौल गरमाने वाली बात क्यों की? यही ख्याल मन में आया तो मैंने पाकिस्तानी चैनल बदलने शुरू कर दिए। तभी एक लाइव कार्यक्रम पर नजर पड़ी। आगे दो हिस्से में पढ़िए दिलचस्प बात।

**बिलावल भुट्टो पहला हिस्सा :** पाकिस्तान की समा टीवी पर एक प्रोग्राम आता है, ब्लैक एंड वाइट। फीमेल ऐंकर ने सलाम करने के बाद सीधे अपने गेस्ट पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार हसन निसार से पूछ लिया- जनाब, आज 16 दिसंबर है, सियाह तरीन दिन है जितना अफसोस किया जाए उतना कम है। क्या कहेंगे? गेस्ट सिर झुकाए कहते हैं, ह्यअ जी, मुझे सुबह से एक अजीब तरह का डिप्रेशन है। बहुत ज्यादा डिप्रेशन है। थोड़ा सा नहीं, हमारे जो कैमरामैन हैं ये भी कह रहे थे। एक मुल्क का टूटना इससे ज्यादा भयानक वारदातें किसी भी कौम के साथ क्या हो सकती हैं। देखो, मेरी नस्ल खुशनसीबी और बदनसीबी का हैरतअंगेज मिश्रण है। खुशनसीबी ये कि जब पाकिस्तान बना, हम लोग नहीं थेङ्घ हमने वो तबाही, बबार्दी, जिल्लत नहीं देखी है। लेकिन उसके बाद सारी कसर निकल गई। बांग्लादेश बनते देख लिया। हसन निसार अपने ही हुक्मरानों को सुनाते हुए कहते हैं कि पाकिस्तान को तोड़कर अलग देश का बननाङ्घ ये लोग पूर्वी पाकिस्तानियों को कमजोर समझते और जलील किया करते थे। मुजीबुर्रहमान वो आदमी था मुस्लिम लीग का, जानिसार था। हमारा अपना माइंडसेट ही ठीक नहीं था। इन्होंने बंगालियों के साथ सौतेला व्यवहार किया। सच्ची बात है, मैं कबूल कर रहा हूं। हम जब 1968 में अंडरग्रेजुएट में थे तो पूर्वी पाकिस्तानी स्टूडेंट्स का अच्छा-खासा कोटा हुआ करता था। हॉस्टल नंबर 1 में अच्छी खासी बंगालियों की तादाद थी। मुझे याद है कि उनके साथ बिहैवियर कैसा होता था। रवैये के चलते आखिर में ये मुल्क तो टूटना ही था।

**औकात क्या है हमारी:** हसन आगे पाकिस्तानियों पर भड़कते हुए कहते हैं कि कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो शर्म-ओ-हया की वजह से भी डूब मरते हैं, खुदकुशियां कर लेते हैं। आगे वह पाकिस्तान और बांग्लादेश का अंतर समझाते हैं। वे (बांग्लादेशी) 103 टके दें तो 1 डॉलर मिलता है, हम (पाकिस्तानी) 224 रुपये दें तब 1 डॉलर मिलता है। ये औकात है हमारी। आगे वह कहते हैं कि बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.4 अरब डॉलर है और प्यारा इस्लामी जम्हूरिया पाकिस्तान जिसकी गर्दनों पर शरीफ, भुट्टो-जरदारी सवार रहते हैं उसकी औकात 6.9 अरब डॉलर है। ये सूरत-ए-हाल है। ये तो मातम का समय है। नई नस्लों को अंदाजा भी नहीं है कि आवाम को क्या कीमत अदा करनी पड़ रही है। ऐंकर अगला सवाल करती हैं, पंजाब, खैबर-पख्तूनख्वा, गिलगित- बाल्टिस्तान, आजाद कश्मीर (पीओके) धरने की धमकी दी है। गेस्ट झट से बोल पड़ते हैं कि अंदाजा लगाइए, ये तो एक्सटेंशन लगती है मुझे। अभी हम मातम कर रहे थे बांग्लादेश का ये आगे थोड़ा सा सीरियस हो जाए तो कहानी खत्म है। आज 16 दिसंबर है, इन लोगों को अब भी अक्ल नहीं आ रही है। ये धरने की धमकी ही नहीं हैङ्घ। उनका डर यह था कि ऐसा ही रहा तो मुल्क फिर टूट सकता है। बिरादर इस्लामी अगला गंभीर सवाल अफगानिस्तान का आता है तो निसार कहते हैं कि देखो, हमें दौरा पड़ा रहता है फिजूल की चीजों का बिरादर इस्लामी। क्या बिरादर इस्लामी, इन्होंने (अफगान) पाकिस्तानियों के साथ जो जिल्लत की है यूएई में, जिस तरह से अफगानों ने पाकिस्तान के साथ मिसबिहैव किया। मैं उसे नहीं भूल सकता। ये क्या है बिरादर इस्लामी? बस करो यार। बहुत हो गया। अगला सवाल वही आया, जिसके लिए मैं समा न्यूज 15 मिनट तक सुनता आ रहा था। ऐंकर ने वही सवाल दागा जिसकी 24 घंटे से भारत और पाकिस्तान दोनों मुल्कों में चर्चा है। बिलावल जरदारी की ओर से अमेरिका में पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई बदजुबानी। हसन निसार ने क्या कहा होगा, आप अंदाजा लगा सकते हैं लेकिन असली बात तो वह पहले ही कह चुके थे। बिलावल ने गुजरात दंगे का जिक्र करते हुए मोदी को अपशब्द कहे थे। आगे ऐंकर कहती हैं कि पाकिस्तान एशिया का दूसरा सबसे महंगा मुल्क बन गया है। हालात ये है कि प्याज 240 रुपये किलो, अंडे 300 रुपये दर्जन मिल रहे हैं।

**दूसरा हिस्सा:** टीवी चैनल की चर्चा चली है तो लेख का दूसरा हिस्सा भी टीवी चैनलों पर ही समर्पित कर रहा हूं। बंटवारे के बाद से ही मुसलमानों को बरगलाने की कोशिशें होती रही हैं। पाकिस्तान के मुसलमानों को यह कहकर भरमाया जाता है कि कश्मीर में हमारे भाई-बहनों पर जुल्म हो रहा है, भारत में मुसलमान खतरे में हैं। पता नहीं कहां से इन्हें खतरा दिखता है जबकि देश के कुछ धाकड़ मुस्लिम नेताओं ने पाकिस्तान को जमकर जलील किया है। ओवैसी ने भी कई बार खुले मंच से कहा है- भाई, भारत के मुसलमानों की फिक्र करना छोड़ दो। यहां तो सब फल-फूल रहे हैं। अपना गिरेबां में झांककर देखो 75 साल में पाकिस्तान क्या से क्या हो गया। इसी तरह पाकिस्तानियों को गोधरा कांड की झूठी कहानी सुनाई जाती है। बिलावल का बिलबिलाना बस उसके आगे की कड़ी है। ऐसे में एक प्रोग्राम के कुछ अंश सबको सुनने चाहिए। कैसे एक पाकिस्तानी प्लेटफॉर्म पर पाकिस्तानी एक्सपर्ट के बीच गेस्ट ने गुजरात दंगों की सच्ची कहानी बयां की थी। जो पाकिस्तानी या कुछ भारतीय भी नहीं जानते हैं या जानना चाहते हैं, उन्हें यह सुनना चाहिए। जब बिलावल ने बात छेड़ी है तो इसे समझना जरूरी हो जाता है।

# मनुष्य को नैतिक रूप से मजबूत बनाती है धार्मिक-आध्यात्मिक गतिविधियां: आरएन सिंह

**प्रेरक प्रसंग**

**धार्मिक** और आध्यात्मिक गतिविधियां व्यक्ति को आध्यात्मिक, नैतिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाती हैं। यह नैतिक मूल्यों सत्य, अहिंसा और करुणा को बढ़ावा देती है। ये गतिविधियां सामाजिक एकता को बढ़ावा देती हैं। उक्त बातें एचईसी आवासीय परिसर के सेक्टर तीन स्थित आवास संख्या बी-277 निवासी धार्मिक-आध्यात्मिक विषयों के ज्ञाता व धर्मपरायण रविंद्र नाथ सिंह (आरएन सिंह) ने अपने संदेश में कही। उन्होंने कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियां मानसिक शांति देती है।

ये गतिविधियां समाज में सकारात्मक माहौल बनाने में मदद करती है। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देती हैं।

समाज में नैतिकता और आदर्शों को स्थापित करने में भी यह काफी सहायक होती है। यह व्यक्तियों को व्यक्तित्व विकास के अवसर प्रदान करती हैं।

इन गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक और समृद्ध वातावरण निर्माण होता है, जो समुदायों के विकास में मदद करता है। उन्होंने कहा कि

धर्म और आध्यात्म के प्रति आस्था व्यक्ति को आंतरिक शांति और संतुष्टि प्रदान कर सकती है। आस्था व्यक्ति को नैतिक मूल्यों, सत्य, अहिंसा, और करुणा का पालन करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि



आस्था सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ और अनुष्ठान से व्यक्ति की आत्मा शुद्ध होती है और मानसिक शांति मिलती है।

यज्ञ और अनुष्ठान से ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है और व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

इससे समाज के लोगों में एकता और सहयोग की भावना बढ़ती है।

## आपके पत्र

### भूस्खलन का कारण अंधाधुंध निर्माण

**हिमाचल** प्रदेश में भूस्खलन से भारी तबाही हुई है। लेकिन हमें यह चिंतन करने की जरूरत है कि भूस्खलन का कारण कहीं गलत तरीके या कुदरत की लक्ष्मण रेखा से बाहर जाकर किए जा रहे काम तो नहीं? पहाड़ी क्षेत्रों में सडकों का निर्माण करने के लिए जिन साधनों का प्रयोग किया जाता है, उससे पहाड़ों की नींव कमजोर पड़ जाती है, जो वाहनों की आवाजाही से दिन-प्रतिदिन और कमजोर हो जाती है और एक दिन भविष्य में ऐसा भी आ जाता है कि यह पहाड़ लोगों की जिंदगी के लिए खतरा भी बन सकते हैं।

राज्य और केंद्र सरकारों को ऐसे रास्तों और पहाड़ों का निरीक्षण करवाना चाहिए। जहां कहीं भी कोई कमी नजर आए, तो उस पहाड़ को खुद गिरा देना चाहिए ताकि भविष्य में वो जन-धन की हानि का कारण न बने। भूस्खलन को रोकने के लिए हमें अंधाधुंध निर्माण तुरंत रोकना होगा।

**बीके शर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## शादी के भोज में खूनी हिंसा, पंडाल में तोड़फोड़, 5 नामजद पर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज/उधवा :** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के खासपुरा गांव में एक शादी के भोज में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें एक बुजुर्ग के पोतों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया गया और शादी का पंडाल व बाजा भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस मामले में राधानगर थाने में कांड संख्या 252/25 के तहत पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खासपुरा निवासी 70 वर्षीय सेकाब शेख पिता- स्व। घिसटा रोख ने राधानगर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि बीते 12 जून 2025 को उनके भाई पतलु शेख के पुत्र सिदु शेख के विवाह का भोज चल रहा था। उनके घर के सामने पंडाल लगा था और गाना-बजाना हो रहा था। इसी बीच फारू शेख, एरफान शेख असफाक शेख, सुकु शेख और होमा शेख नाजायज मजमा बनाकर लाठी, हँसुआ और छुरा से लैस होकर उनके घर के बच्चों को घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए फारू शेख के आदेश पर तौकिल शेख को जान से मारने की नीयत से छुरा से वार किया।जिससे तौकिल शेख का हाथ कट गया। इरफान शेख ने फरसा से तौकिल शेख के सर पर मारा, जिससे उसका सर फट गया। असफाक शेख और होमा शेख ने मिलकर तौकिल शेख को जान मारने की नीयत से पटक दिया। जब उनका दूसरा पुत्र रविउल शेख अपने भाई को बचाने आया तो असफाक शेख और सुकु शेख ने फरसा भाला और लाठी से रविउल शेख को मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया, जिससे उसके हाथ पेट और गले में गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने सेकाब शेक के पोते को भी जान से मारने की नीयत से पटक कर गला दबाने की कोशिश की। इसके अतिरिक्त सभी आरोपियों ने मिलकर पंडाल और बाजा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।जिससे लगभग पांच रुपये का नुकसान हुआ। सेकाब शेख ने बताया कि ग्रामीणों और गवाहों ने हस्तक्षेप कर उनके पोते को बचाया अन्यथा वह मारा गया होता। वही सेकाब शेख के बयान पर पांच लोगों के विरुद्ध कांड संख्या 252/25 दर्ज किया गया है।पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## मारपीट में चाकू बाजी एक घायल

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारटोला पुरानी साहिबगंज में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जहां एक युवक ने भोला पंडित उम्र 24 को पेट में चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही परिजनों ने आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर ऋतु राज ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।वही दूसरे पक्ष के महिला ऊषा देवी उम्र 50 वर्ष को दाएं हाथ के उंगली में चाकू लगने से घायल हो गया। वही पहले पक्ष के भोला पंडित ने बताया कि बीते रविवार की रात्रि लगभग 9 बजे जितेंद्र स्वर्णकार, लालू स्वर्णकार, मुकेश स्वर्णकार, एवं राहुल स्वर्णकार आया और हमसे रंगदारी मांगने लगा वही मना करने पर मारपीट करना शुरू कर दिया और मुकेश स्वर्णकार ने चाकू निकालकर मेरे पेट में दे मारा जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया।वही मेरे परिजनों द्वारा इलाज हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर आया है। वही दूसरे पक्ष के ऊषा देवी ने बताया कि झगड़ा हो रहा था मैं देखने गई और अपने बेटे को बचाने में भोला पंडित ने मुझे चाकू से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जांच की जा रही है। वही भोला पंडित को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पूछताछ के बाद जानकारी मिल सकेगी।

## फसल बीमा पाठशाला का आयोजन

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड क्षेत्र के हरिप्रसाद पंचायत के पंचायत भवन में सोमवार एचडीएफसी एर्गो टीम की ओरे फसल बीमा पाठशाला का आयोजन टीम के सदस्य सौरव कुमार के नेतृत्व में किया गया। मौके पर किसानों को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में जानकारी दिया गया।और इसके लाभों से अवगत कराना था। किसानों को बताया कि फसल बीमा क्यों जरूरी है और यह प्राकृतिक आपदाओं, अनिश्चित मौसम कीट या बीमारी से होने वाले नुकसान की भरपाई कैसे करना है।किसानों को विस्तार से समझाया। यह भी बताया गया कि बीमा योजना में शामिल होने से वे आर्थिक नुकसान से कैसे बच सकते हैं ।इस योजना के तहत बीमा कराने से आपदा के समय भी आर्थिक रूप से स्थिर सहयोगी कर सकते हैं। वही एचडीएफसी, इआरजीओ के इस प्रयास की स्थानीय किसानों और ग्रामीणों ने सराहना की। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और किसानों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जिया की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए हुआ पोस्टमार्टम

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख बधिर विद्यालय में बीते रविवार की दोपहर क्लास तीन की छात्रा जिया मल्टो की संदेहास्पद स्थिति मे मौत हो गई थी। वही जिया मल्टो के पिता देवा मल्टो ने बताया कि बीते 16 जून को मैं अपनी पुत्री को सकुशल स्कूल में छोड़ गया। वही बीते रविवार की दोपहर स्कूल से कॉल आता है।आपकी की बच्ची की तबियत खराब है। आप आ जाएं लगभग 7 मिनट के बाद फिर कॉल आता है।आपकी बच्ची की मृत्यु हो गई है। जबकि बीते रविवार को सिस्टर अंकित लकड़ा एवं अंबिका लुगुन ने माडिया को बताया कि जिया मल्टो तीन से चार दिनों से बीमार रह रही थी।वही रविवार को अचानक तबियत बिगड़ गई। जहां सदर अस्पताल में डॉ द्वारा मृत घोषित कर दिया। वही मृतक किशोरी के पिता देवा मल्टो का कहना है कि अगर तीन से चार दिन से बीमार थी तो हमलोगों को स्कूल द्वारा सूचना क्यूं नहीं दिया गया। यही सवालों में घिरे पिता ने जिरवाबाड़ी थाना से न्याय की गुहार लगाई।जहां सोमवार की दोपहर जिया मल्टो का शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के टीम के द्वारा किया गया। जहां पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।वही जिया मल्टो दो बहन थी। जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## जवान के घर से 3 लाख की संपत्ति चोरी

**मेदिनीनगर :** शहर के एमआरएमसीएच टीओपी में तैनात जवान महेंद्र प्रसाद गुप्ता के घर से रविवार की रात में 3 लाख रुपये के जेवर आदि की चोरी कर ली गई है। मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बीसफूटा पुल के समीप स्थित कोयल नगर में महेंद्र प्रसाद का आवास है। भुक्तभोगी पुलिस जवान ने शहर थाना में सोमवार को मामला दर्ज कराया है जिसके आधार पर अनुसंधान करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मेदिनीनगर शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि पुलिस जवान के आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दो लोगों के हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आवेदन के अनुसार रविवार की रात में अस्पताल ड्यूटी से करीब 1:30 घर लौटे थे। खाना खाने के बाद परिवार सहित अपने रूम में सो गए। भुक्तभोगी जवान के पिताजी, मां एवं भाई डाइनिंग रूम में सोए हुए थे। सोमवार की सुबह करीब 5 बजे जगने पर एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। उन्होंने बाहर निकलकर देखा तो पाया कि खिड़की टूटा हुआ है।

### कोडरमा में 16 हजार छात्रों को शिक्षण सामग्री की सौगात

# दिव्यांगों को मिली बैट्री वाली ट्राई साइकिल



संवाददाता

**कोडरमा :** सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की ओर से कई दिव्यांगजनों को बैट्री ट्राइसाइकिल, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को स्कूल बैग समेत एजुकेशनल ड्रेस और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को फ्री में स्कूल किट दी गई। यह कार्यक्रम कोडरमा जिले के बिरसा सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया।

मौके पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मौजूद थीं। जिनकी पहल से यूनिसेड के सर्वे के आधार पर मंत्रालय की ओर से हिंदुस्तान पेट्रोलियम और सीसीएल के सीएसआर फंड से बैट्री ट्राई साइकिल व शिक्षण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ऋतुराज, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव समेत जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

16 हजार बच्चों को मिली पठन पाठन सामग्री

कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं निपुण भारत कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षा और स्वास्थ्य को सुदृढ और बेहतर बनाने के लिए पठन-पाठन सामग्री व ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान कोडरमा जिले के 750 आंगनबाड़ी केंद्र के कुल 16 हजार बच्चों को प्री स्कूल किट दी गई जबकि दर्जन भर दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल के साथ साथ जरुरी उपकरण बांटे गए।

पोषण के साथ शिक्षण की परिकल्पना साकार

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को सक्षम बनाने के लिए, न सिर्फ सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है बल्कि पोषण के साथ शिक्षण की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को आईआईटी कानपुर के द्वारा खास तौर पर तैयार करके एजुकेशनल डेस्क दिया गया है, जिससे बच्चों में लिखने की क्षमता भी विकसित होगी।

ट्राई साइकिल पाकर खुश हुए दिव्यांगजन

वहीं यूनिसेड के सदस्य अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि संस्था के द्वारा इस क्षेत्र के बच्चों का सर्वे किया गया था, जिसके आधार पर 16000 बच्चे इससे लाभान्वित हुए हैं। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे दिव्यांगजनों के चेहरे पर बैट्री जनित ट्राइ साइकिल पाकर खुशी नजर आई। इस मौके पर दिव्यांगजनों ने कहा कि ट्राई साइकिल मिलने से अब उनकी राह आसान हो जाएगी।

वहीं आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका मीरा देवी ने बताया कि जो प्री स्कूल किट इस कार्यक्रम के जरिए उन्हें दिया गया है, उससे खेलते खेलते बच्चों को पढ़ना अब काफी आसान हो जाएगा।

## लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उत्कृष्ट संसाधन प्रदान करेगी : सतीश



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बना चुकी ज्ञानकोष क्लासेस ने सोमवार को अपनी प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई।इस विशेष अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें शैक्षणिक जगत के गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।समारोह के मुख्य अतिथि उप विकास अयुक्त सतीश चन्द्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर व फीता काट कर किया।इस मौके पर डिजिटल ज्ञान कोष लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया गया।यह डिजिटल लाइब्रेरी विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री,पाठ्यक्रम आधारित नोट्स और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उत्कृष्ट संसाधन प्रदान करेगी।यह पहल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी पहल मानी जा रही है।समारोह के दौरान मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों सत्यम यादव, केशव गुप्ता,तुषार कुमार,अमन कुमार, सवेरा कुमारी,डोली कुमारी रागिनी कुमारी,खुशी कुमारी और पायल कुमारी को सम्मानित भी किया गया।विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया।अतिथियों ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए इसे जिले के शैक्षणिक विकास के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।ज्ञानकोष क्लासेस के निदेशक गौरव ठाकुर एवं सूरज कुमार ने बताया कि संस्था के माध्यम से कक्षा 9वीं एवं 10वीं के सभी स्कूलों और सभी बोर्डों के लिए आर्ट्स कक्षा11वीं,12वीं,बीए।व एमए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के आलावे सरकारी नौकरियों के लिए विशेष कोर्स की शैक्षणिक सेवाएं दी जा रही हैं।मौके पर संस्थान के फाउंडेशन सूरज कुमार,गौरव ठाकुर व फैकल्टी संटू शर्मा,अनंत कुमार सहित कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## ईंट भट्ठा मालिक को जान से मारने की धमकी, प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र में एक ईंट भट्ठा मालिक से मजदूरों की आपूर्ति के नाम पर ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने न तो मजदूर दिए और न ही पैसे लौटाए बल्कि पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित के बयान पर राधानगर थाने में कांड संख्या 253/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पियारपुर निवासी जियाउर रहमान पिता बरकात अली ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। अपनी शिकायत में बताया है। कि उन्होंने अपने ईंट भट्ठे के लिए मजदूर उपलब्ध कराने हेतु मोहम्मद कुर्बान अंसारी पिता रैजुल अंसारी, निवासी छोटा मदनशाही, थाना जिरवाबाड़ी, साहिबगंज से संपर्क किया था। उन्होंने मोहम्मद कुर्बान अंसारी को 22 जुलाई 2024 को दो लाख रुपये और फिर 04 अक्टूबर 2024 को पचास हजार रुपये दिए, इस प्रकार कुल 2।50 लाख रुपये का भुगतान किया। यह राशि 20 जोड़ी पथरिया मजदूर उपलब्ध कराने के एवज में दी गई थी। दोनों के बीच यह समझौता भी हुआ था।कि यदि मजदूर नहीं दिए जाते हैं। तो पैसे वापस कर दिए जाएंगे।शिकायतकर्ता जियाउर रहमान का आरोप है कि महीने बीत जाने के बाद भी मोहम्मद कुर्बान अंसारी ने न तो कोई मजदूर उपलब्ध कराया और न ही उनके पैसे वापस किए। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, तो मोहम्मद कुर्बान अंसारी उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे और पैसे वापस न करने की बात कहने लगे। जियाउर रहमान ने थाना प्रभारी से मोहम्मद कुर्बान अंसारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और उनकी रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। राधानगर पुलिस ने पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जुलूस के दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट 10 लोग घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज मुस्लिम टोला में बीते रविवार की रात्रि मोहर्रम खेलने के दौरान एवं पुरानी रंजिश में दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। जहां सभी घायल ने शिकायत हेतु जिरवाबाड़ी थाना पहुंचे।जहां जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।वही सदर अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉक्टर ऋतु राज ने प्राथमिक उपचार घर भेज दिया।वही पहले पक्ष के 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दूसरे पक्ष से 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। वही पहले पक्ष से घायल मोहम्मद लाडला उम्र 26 वर्ष मोहम्मद इम्तियाज उम्र 27 वर्ष पिता मोहम्मद कल्लू,मोहम्मद शाहबाज उम्र 23 वर्ष मोहम्मद शाहजहां उम्र 19 वर्ष पिता मोहम्मद असलम मोहम्मद उम्र 48 वर्ष पिता मोहम्मद शौकत व बीबी रानी उम्र 42 वर्ष पति मोहम्मद असलम गंभीर रूप से घायल है।जहां दूसरे पक्ष के लोगों में मोहम्मद खुसरो मोहम्मद इदरीश मोहम्मद अरमान गंभीर रूप से घायल हो गया। वही पहले पक्ष से मोहम्मद असलम ने बताया कि खुसरो के बेटा मोहम्मद अरमान को अखाड़ा आगे ले जाने को लेकर कहा तभी अचानक मोहम्मद अरमान ने मुझ पर लाठी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मुझे बचाने आए अन्य लोगों को भी लाठी डंडा से मारकर घायल कर दिया।वही दूसरे पक्ष के मोहम्मद खुसरो ने बताया कि मैं मुफ्फसिल थाना से आवेदन देकर लौट रहा था। तभी रस्ते में पहले से घात लगाए बैठे युवकों ने लक्ष्मण साव चौक के समीप लाठी डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वही जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने बताया कि मामले कि जांच की जा रही है।

## पाल्हेकला में झड़प मामले में 70 नामजद और 250 अज्ञात पर हुई प्राथमिकी

**मेदिनीनगर/पाटन :** पलामू जिले के पाल्हेकला गांव में रविवार की शाम में मुहर्रम जुलूस के दौरान माहौल बिगाड़ने को लेकर दोनो समुदायों के 70 नामजद और 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी कराई गई है। घटना स्थल पर ऑन ड्यूटी बीडीओ अमित झा ने कांड संख्या 195/2025 के तहत प्राथमिकी कराई है। घटना के कारण गांव में अब पुलिस कार्रवाई का डर का माहौल है। इसके कारण गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रत्येक चौक पर पुलिस तैनात हैं। एएसपी राकेश सिंह, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद और दंडाधिकारी गांव में कैंप कर रहे हैं। डीएसपी मणिभूषण प्रसाद ने बताया है कि एक पक्ष से 31 जबकि दूसरे पक्ष से 39 नामजद और अन्य 250 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी कर अनुसंधान तेज कर दिया गया है।

झड़प में प्रभावित दोनों समुदाय के लोगों ने भी एक-दूसरे के खिलाफ आवेदन दिया है। इसके आधार पर कांड संख्या 196/2025 और 197/2025 पंजीकृत कर अनुसंधान को तेज किया गया है। पाटन थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में रविवार को मुहर्रम जुलूस के दौरान फैली अफवाह के कारण दो समुदाय के बीच झड़प दोनों पक्ष से घायल दो-दो लोगों का इलाज जारी है। दोनों की स्थिति में इलाज के बाद सुधार है। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और शांति बहाल की है। सदर अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीएम) सुलोचना मीणा के आदेश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस ) की धारा 163 के तहत तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। दोनों पक्षों से कुल 70 नामजद और 250 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी कर अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया और कुछ माध्यमों से गोली चलने और मौत की अफवाहें फैलाई जा रही थी। परंतु यह बेकार की बातें है।

# हिल साइट में हुई रेल दुर्घटना की जांच में पहुंची टीम रेल कर्मियों को लगाई फटकार



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** बीते दिनों बरहरवा रेक लोडिंग यार्ड बिंदुधाम हिल साइट में हुई भीषण रेल दुर्घटना में रेलवे को करोड़ो का नुकसान हुआ है।साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को की भी जिंदगी बाल बाल बची है।आखिर इस दुर्घटना का जिम्मेवार कौन है,किसकी लापरवाही के कारण इस भीषण दुर्घटना का सामना रेलवे को करना इतना महँगा पड़ा ये एक बड़ा सवाल है।जिसका जवाब भी तक पूरी तरह से साफ नहीं हो पाया है।घटनास्थल पर मालदा डीआरएम दुर्घटना के दूसरे दिन पहुँच कर मामले की छानबीन और राहत कार्य तत्काल शुरू कर दिए थे लेकिन जानकारी के अनुसार सोमवार को कोलकाता रेलवे महाप्रबंधक जीएम के निर्देश पर कोलकाता जमालपुर व मालदह से चार सदस्यीय जाँच टीम व एडीआरएम सहित बरहरवा रेलवे रेक लोडिंग हिल साइट व बिंदुधाम दुर्घटनास्थल पर दल बल के साथ पहुँच कर एक एक बिंदुओं की बारीकी से जाँच की जिस दौरान अधिकारियों ने बरहरवा गुड्स कलर्क जीएसएस टुनटुन प्रसाद को उनके गैर जिम्मेदाराना हरकत के लिये जमकर फटकार लगाई।अधिकारियों ने लोडिंग प्रकिया घटना के दिन लोडिंग के दौरान कौन कौन रेलकर्मी मौजूद थे। रेलवे के नियमो के अनुसार अनुपालन क्यों नहीं किया गया।बोगियों की सुरक्षा के लिए क्या क्या कार्य किये गए थे।ब्रेकिंग सिस्टम,चैन ब्लॉकिंग की क्या पोजीशन थी।सहित विभिन्न सवाल किए जिसका संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया वही बरहरवा एसएस से रेक लोडिंग साइडिंग के नियमित निरीक्षण को लेकर भी कड़े लहजे में सवाल जवाब किये,तत्पश्चात गुड्स कलर्क टुनटुन प्रसाद से लोडिंग के लिए इंडेन लगवाने,लोडिंग करने वालों की पूरी जानकारी व आवश्यक दस्तावेज की माँग की परन्तु गुड्स कलर्क द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिल पाई और गुड्स कलर्क ने कार्यालय में कागजात दिखाने की बात कही हालांकि मामले की जाँच व छानबीन अभी जारी है।

जाँच स्थल पर मीडिया की उपस्थिति पर अधिकारियों ने जताई नाराजगी

बरहरवा रेलवे हिल साइट पर जाँच टीम पहुँचते ही स्थानीय मीडिया भी जाँच स्थल पर पहुँची।इस दौरान जाँच टीम के सदस्यों ने मीडियाकर्मियों द्वारा वीडियो बनाना और फोटो खीचने पर नाराजगी जताई,जो निंदनीय है।इतनी बड़ी घटना घटित होने के बाद बड़े पैमाने पर उच्चस्तरीय जाँच होगी टीम पहुँचेगी तो मीडिया का पहुँचना स्वाभाविक है इससे जाँच टीम के सदस्यों द्वारा आपत्ति जताना समझ के परे है।

# पंचायत सीजन 4 ने रचा इतिहास, लांच वीक की सबसे बड़ी ओपनिंग, अब सीजन 5 की घोषणा

**पंचायत** के पिछले सीजनों की जबरदस्त सफलता के बाद यह पसंदीदा सीरीज 24 जून को अपने चौथे सीजन के साथ लौटी है और आते ही लोकल से लेकर ग्लोबल तक धूम मचा दी है। इस नए सीजन ने अब तक के सभी सीजनों को पीछे छोड़ते हुए सबसे जबरदस्त ओपनिंग दर्ज की है, जो इसकी गहरी पकड़ और दमदार कहानी को साबित करता है। लॉन्च के दिन ही पंचायत सीजन 4 ने 42 से ज्यादा देशों जैसे अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और यूएई में टॉप 10 टाइटल्स में जगह बना ली थी। लांच वीक के दौरान इसे 180 से भी ज्यादा देशों में देखा गया, जो इसकी बढ़ती ग्लोबल पॉपुलैरिटी को दिखाता है। भारत में भी इसका जलवा कायम रहा–यह पहले हफ्ते में देश के 95% पिन कोड्स में स्ट्रीम हुआ और लगातार #1 ट्रेंड कर रहा है, जो दर्शकों के बीच इसकी गहरी पकड़ को फिर से साबित करता है। सीजन 4 को मिले जबरदस्त प्यार के बाद, प्राइम वीडियो ने पुष्टि कर दी है कि पंचायत सीजन 5 पर काम शुरू हो चुका है और यह 2026 में प्रीमियर होगा। 2018 में प्राइम वीडियो पर डेब्यू करने के बाद से ही पंचायत ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है और क्रिटिक्स की सराहना भी पाई है। 2023 में, सीजन 2 को 54वें



इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में पहला बेस्ट वेब सीरीज (डळळ) अवॉर्ड भी मिला था। अब सीजन 4 की जबरदस्त शुरूआत के साथ, पंचायत लगातार नई ऊँचाइयों को छू रही है और भारत ही नहीं, दुनियाभर के दर्शकों से गहरा जुड़ाव बना रही है। मनीष मेंघानी, डायरेक्टर और हेड कंटेंट लाइसेंसिंग, प्राइम वीडियो इंडिया ने कहा, हम पंचायत सीजन 4 को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स से बहुत खुश हैं। इसने शो की पहचान को और मजबूत किया है और असली कहानियों को कहने का नया बेंचमार्क भी बनाया है। वह आगे कहते हैं, भारत ही नहीं, लॉन्च वीक में 180 से ज्यादा देशों में इस सीजन को मिला शानदार रिस्पॉन्स इसकी ग्लोबल अपील और हमारी सांस्कृतिक गहराई की ताकत को दशार्ता है। दिल को छू लेने वाली कहानी और रिलेटेबल किरदारों के साथ पंचायत अब एक ग्लोबल फेनॉमेनन बन चुका है, जो सीमाओं के पार जाकर लोगों के दिलों को छू रहा है अपनी सादगी और सच्चाई से। यह माइलस्टोन सिर्फ शो के लिए लोगों के प्यार को नहीं दशार्ता, बल्कि दुनिया भर में देसी और जमीन से जुड़ी कहानियों की बढ़ती डिमांड को भी साबित करता है। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सीजन 5 पर काम शुरू हो चुका है, और हम फुलेरा और इसके प्यारे किरदारों की अगली यात्रा को दर्शकों तक पहुँचाने के लिए उत्साहित हैं। द वायरल फीवर के प्रेसिडेंट विजय कोशी ने कहा, प्राइम वीडियो के साथ मिलकर पंचायत को ज़िंदगी देना और इन सालों में इसकी जबरदस्त सफलता को देखना वाकई एक बेहतरीन सफर रहा है। वह आगे कहते हैं, यह सीरीज हमारे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह ग्रामीण भारत की सादगी, हास्य और भावनाओं को बहुत ही खूबसूरती से दशार्ती है। पंचायत उस सोच और मूल्यों का प्रतीक है, जो हम प्राइम वीडियो के साथ साझा करते हैं । ऐसे अर्थपूर्ण और जुड़ाव पैदा करने वाले किस्से सुनाना, जो हर क्षेत्र के दर्शकों के दिलों को छू जाएं। हम सीजन 4 को मिली जबरदस्त प्यार के लिए दिल से शुक्रगुजार हैं, सिर्फ़ भारत से नहीं, बल्कि दुनियाभर के दर्शकों से। इस सफर को संभव बनाने वाले शानदार कास्ट और क्रू को भी धन्यवाद, जिनकी मेहनत और लगन ने इसे खास बना दिया। और हमारे सभी फैंस को, जिनके समर्थन से हमें लगातार प्रेरणा मिलती है। हम आगे के सफर को लेकर उत्साहित हैं और 2026 में सीजन 5 आपके सामने लाने के लिए तैयार हैं। वायरल फीवर द्वारा प्रोड्यूस की गई इस सीरीज को दीपक कुमार मिश्रा और चंदन कुमार ने मिलकर बनाया है, इसकी कहानी चंदन कुमार ने लिखी है और निर्देशन किया है अक्षत विजयवर्गीय और दीपक कुमार मिश्रा ने। इस सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुवीर यादव, फैजल मलिक, चंदन रॉय, सान्विका, दुर्गेश कुमार, सुनीता राजवार, अशोक पाठक और पंकज झा जैसे पसंदीदा कलाकारों की शानदार मौजूदगी देखने को मिलती है।



## लकड़बग्घा 2 में पूर्व मिस इंडिया की एंट्री

**अभिनेत्री** और पूर्व मिस इंडिया सारा जेन डायस लकड़बग्घा 2 दि मंकी बिजनेस की कास्ट में शामिल हो गई हैं। अभिनेता-फिल्ममकार अंशुमान झा ने आधिकारिक रूप से घोषणा की है कि सारा जेन डायस अब लकड़बग्घा 2 दि मंकी बिजनेस की कास्ट में शामिल हो गई हैं। अंशुमान ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि सारा के आने से लकड़बग्घा की टीम अब और मजबूत और दमदार हो गई है।

सारा ने हाल ही में कनखजूरा, इनसाइड एज जैसी वेब सीरीज और इंटरनेशनल लेवल पर सराही गई फिल्म एंग्री इंडियन गॉडेसिस में यादगार परफॉर्मेंस दी है। अंशुमन झा ने कहा कि सारा स्क्रीन पर एक शांत तूफान जैसी हैं। उनकी ताकत, ग्रेस और गहराई उन्हें लकड़बग्घा की दुनिया के लिए परफेक्ट बनाती है। इस बार हमारी टीम सिर्फ लौटी नहीं है, बल्कि और मजबूत, ज्यादा दमदार और ज्यादा लेयर्ड होकर लौटी है। रिद्धि और अब सारा के साथ, हम इस यूनिवर्स को और ज्यादा इमोशनल और बड़ा बना रहे हैं। सारा जेन डायस ने कहा कि मुझे लकड़बग्घा 1 बहुत पसंद आई थी। जब मुझे इस यूनिवर्स के एक्सपैंड होने का पता चला, तो मैं बहुत एक्साइटेड हुई। यह बहुत कम होता है जब एक ऐसा प्रोजेक्ट मिलता है जो एक्शन के साथ-साथ किसी असली मकसद के लिए हो, खासकर उन बेजुबान जानवरों की सुरक्षा के लिए। लकड़बग्घा 2 बोल्ड है, जरूरी है और इमोशनल भी है। इसने मुझे मेरे करियर का सपना पूरा करने का मौका दिया कि मैं एक्शन कर सकूं। अंशुमन और बाकी टीम के साथ इस सफर का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं।

## एरिना सबालेंका विंबलडन ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी/ लंदनः** विंबलडन के राउंड ऑफ-16 मुकाबलों में वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने वूमंस सिंगल्स के मैच में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस को सीधे सेट में हराया। उनके अलावा रूस की एनास्तासिया पाव्ल्यूचेंकोवा ने ब्रिटेन की सोनाय कार्टाल को हराया। वहीं, जर्मनी की लौरा सिगमंड ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वहीं, मेन्स डबल्स में अर्जेंटीना के मासेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

दोनों की नंबर-1 जोड़ी ने चेक रिपब्लिक के पैट्रिक रिकल और पीटर नौजा की जोड़ी को 7-5, 7-6 (15-13) के अंतर से हराया। मेंस डब्ल्स में वर्ल्ड नंबर-3 जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। दोनों को ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजीकाता और नीदरलैंड के डेविड पेल की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हरा दिया।

**मेंस सिंगल्स में फ्रिट्ज जीतेः** मेंस सिंगल्स के में वर्ल्ड नंबर-5 अमरीका के टेलर फ्रिट्ज को ऑस्ट्रेलिया को जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ वॉकओवर मिल गया। वॉकओवर के वक्त फ्रिट्ज 6-1, 3-0 से आगे थे। वहीं, दूसरे मुकाबले में रूस के कैरेन खाचनोव ने पोलैंड के कामिल माजरेक को 6-4, 6-2, 6-3 से हराया।

## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 से स्मृति ईरानी का लुक रिलीज

**क्योंकि** सास भी कभी बहू थी 2 से स्मृति ईरानी का लुक रिलीज हो गया है। स्टार प्लस एक बार फिर अपने सबसे चर्चित शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी के नए सीजन के साथ तैयार है और फैंस की एक्साइटमेंट देखने लायक है। जैसे-जैसे शो की ग्रैंड रिलीज का वक्त नजदीक आ रहा है, सोशल मीडिया पर तुलसी की एक लीक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसे देखकर लोग पहली झलक को लेकर और भी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। शो की लीड किरदार तुलसी विरानी को नए अंदाज में देखने के लिए सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



इस तस्वीर में स्मृति ईरानी, जो तुलसी विरानी का किरदार निभा रही हैं, मरून रंग की साड़ी में नजर आ रही हैं, जिसमें गोल्डन जरी बॉर्डर है। उनके चेहरे पर वही पुरानी गरिमा और आत्मविश्वास झलक रहा है। उन्होंने एक सादा काले रंग का मंगलसूत्र, हल्के गहने और अपनी पहचान बन चुकी बड़ी लाल बिंदी लगाई है, जो तुलसी के संबल और शालीनता का प्रतीक रही है। उनके बाल सलीके से जूड़े में बंधे हुए हैं। इस पहली झलक ने दर्शकों को एक बार फिर उस सुनहरे टेलीविजन दौर में लौटा दिया है और तुलसी विरानी के साथ उनकी भावनात्मक जुड़ाव को फिर से जिंदा कर दिया है।

क्योंकि सास भी कभी बहू थी भारतीय टेलीविजन के सबसे बड़ी विरासतों में से एक है। साल 2000 में लॉन्च हुआ यह शो सिर्फ़ प्राइम टाइम पर नहीं छाया, बल्कि करोड़ों भारतीय परिवारों के दिलों में हमेशा के लिए अपनी जगह बना गया। यह सिर्फ़ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि एक भावना बन गया, जो पीढ़ियों के साथ जुड़ गया। यह शो हर घर में एक पारिवारिक रस्म की तरह देखा जाने लगा, और तुलसी और मिहिर विरानी भारतीय टेलीविजन के सबसे यादगार किरदार बन गए। जैसे-जैसे शो का नया सीजन अपनी ग्रैंड रिलीज की ओर बढ़ रहा है, मेकर्स जल्द ही इस मच अवेटेड शो की रिलीज डेट का ऐलान करने वाले हैं।



## मंडला मर्डर्स से ओटीटी पर डेब्यू करेंगी वाणी कपूर

**बॉलीवुड** अभिनेत्री वाणी कपूर वेबसीरीज मंडला मर्डर्स से ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही है। नेटफ्लिक्स और वाय आर एफ एंटरटेनमेंट की बहुप्रतीक्षित वेबसीरीज सीरीज मंडला मर्डर्स 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। यह सीरीज न केवल एक रहस्यमय, पौराणिक-क्राइम थ्रिलर है, बल्कि अभिनेत्री वाणी कपूर के लिए ओटीटी पर पहला कदम भी है। वाणी कपूर, जो अब तक बड़े पर्दे पर अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं, इस बार एक कठिन और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हैं।

इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा कि मैं कुछ बेहद खास और चुनौतीपूर्ण तलाश रही थी ताकि मेरा ओटीटी पर डेब्यू यादगार हो, और मंडला मर्डर्स जैसा प्लेटफॉर्म मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं ऐसी कहानी का हिस्सा बन रही हूँ जो शारीरिक और मानसिक रूप से मुझसे एक नया अवतार मांगेगी। यह एक ऐसी शैली है, जिसमें मैंने पहले कदम नहीं रखा था। वाणी कपूर ने कहा,यह निडर निर्णय मुझे गहराई, संघर्ष और संवेदनशीलता की नई परतों से रूबरू करा रहा है और यही तत्व उत्कृष्ट कहानी कहने के लिए अहम हैं। सीरीज के रचयिता और निर्देशक गोपी पुथरन हैं। वाणी कपूर ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स में महिलाओं के लिए बेहतर अवसरों पर जोर देते हुए कहा कि मुझे स्ट्रीमिंग से प्यार है, क्योंकि यहां अभिनेत्रियां मीटियर मजबूत और चुनौतीपूर्ण रोल्स हासिल कर पाती हैं, जो थिएटराइज्ड फिल्मों में अक्सर नहीं मिलते, क्योंकि वे अधिकांशतः पुरुष कलाकारों के इर्द-गिर्द रहते हैं। मंडला मर्डर्स का सीरीज का सह-निर्देशन मनन रावत द्वारा किया गया है और इसे वाईआरएफ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित किया गया है।

## दोस्त अर्पिता खान से मिली प्रियंका,'देसी गर्ल' की बेटी मालती की बीबीएफ बनीं सलमान की भांजी



**प्रियंका चोपड़ा** और सलमान खान की बहन अर्पिता खान एक दूसरे के काफी करीब हैं। दोनों कई मौकों पर साथ देखी गई हैं। अर्पिता न सिर्फ प्रियंका की शादी में शामिल हुई थीं बल्कि प्रियंका भी अर्पिता के बेटे आहिल के जन्म पर उन्हें बधाई देने पहुंची थीं।

दोनों की दोस्ती अब एक बार फिर देखने को मिली है। दरअसल, हाल ही में प्रियंका अपनी दोस्त अर्पिता खान शर्मा से मिली। इस मुलाकात की खास बात ये है कि उनकी बेटी मालती और अर्पिता की बेटी आयत भी बेस्ट फ्रेंड बन गईं।

इस दौरान का वीडियो प्रियंका ने इंस्टाग्राम प शेयर किया है जिसमें मालती और आयत हाथों में हाथ डाले चल रही हैं। दोनों बच्चियों की मासूमियत और दोस्ती को देख सोशल मीडिया पर फैंस लगातार रिएक्शन दे रहे हैं। वीडियो के साथ प्रियंका ने लिखा- 'हमारी बेटियां बेस्ट फ्रेंड्स जैसी हैं।' फैंस इस पल को बेहद खास मान रहे हैं और कमेंट्स में दोनों बच्चों को आशीर्वाद दे रहे हैं। काम की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट की सफलता का आनंद ले रही हैं। इसके अलावा प्रियंका बॉलीवुड में भी कमबैक कर रही हैं। खबरों की मानें तो वो एस. एस. राजामौली की अपकमिंग फिल्म एसएसएमबी 26 में महेश बाबू के साथ नजर आ सकती हैं। हालांकि, इस फिल्म में उनके रोल को लेकर आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। इसके अलावा वह फिल्म द ब्लफ में 19वीं सदी की एक कैरेबियन समुद्री डाकू की भूमिका में नजर आएंगी।



## जब भी संन्यास लूंगा एजबेस्टन की जीत मेरी सबसे सुखद याद होगीः शुभमन

**एजेंसी/बर्मिंघमः** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बर्मिंघम में श्रृंखला बराबर करने वाली शानदार जीत को यादगार बताया है। उन्होंने कहा कि जब भी वह क्रिकेट से संन्यास लेंगे, तो एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ भारत को पहली टेस्ट जीत दिलाना उनकी सबसे सुखद यादों में से एक रहेगा। गिल की कप्तानी की शुरूआत भारत के लीड्स में श्रृंखला के शुरूआती मैच में हार के साथ हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 336 रन के विशाल अंतर से जीत दर्ज की।

बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में गिल ने कहा, यह ऐसी चीज है, जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। मुझे लगता है कि जब भी मैं संन्यास लूंगा, तो यह मेरी सबसे सुखद यादों में से एक होगी।

# शुभमन गिल रचेंगे इतिहास, खतरे में डॉन ब्रैडमैन का 95 साल पुराना रिकॉर्ड, मात्र 400 रन दूर

**नई दिल्लीः** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के अभी दो मैच हुए हैं और दोनों टीमें ने एक एक मैच जीता है। टीम इंडिया के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। गिल ने अब तक दो टेस्ट मैचों की चार पारियों में तीन शतक लगाकर कुल 585 रन बना लिए हैं। इनमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। गिल के पास इस सीरीज में इतिहास रचने का भी मौका है। अगर गिल इसी तरह खेलते रहे तो बहुत जल्द वह डॉन ब्रैडमैन के 95 साल पुराने रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं।



बता दें कि ब्रैडमैन के नाम एशेज सीरीज में इंग्लैड में 139 से ऊपर की औसत के साथ 974 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक निकले थे। यह महारिकॉर्ड उन्होंने साल 1930 में बनाया था। तब से लेकर आज तक कोई भी खिलाड़ी उनके इस रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाया है। हालांकि पूर्व भारतीय खिलाड़ी गावस्कर उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गए थे। गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज दौरे पर 8 पारियों में 774 रन बनाए थे।

लेकिन अब गिल ब्रैडमैन और गावस्कर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गए हैं। गिल के पास अभी तीन टेस्ट मैचों की छह पारियों में यह मौका है। अग गिल इन छह पारियों में करीब 400 रन बना लेते हैं तो नया इतिहास रच देंगे। वहीं, गावस्कर को भी भरोसा है कि गिल न सिर्फ उनका रिकॉर्ड तोड़ेगा बल्कि ब्रैडमैने के रिकॉर्ड को भी धवस्त करते हुए एक टेस्ट सीरीज में 1000 रन पूरे करेंगे।

बता दें कि पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा मैच 10 जुलाई से क्रिकेड के मक्का लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारत ने लॉर्डस में अब तक 19 टेस्ट मैच खेले हैं, जिमें से तीन जीत 12 हार और चार मैच ड्रॉ रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आदिवासी परिवार के 5 लोगों की हत्या पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मांगी बिहार सरकार से रिपोर्ट, मामले में तीन गिरफ्तार

**पटनाः** 6 जुलाई को पूर्णिया में आदिवासी परिवार के 5 लोगों की निर्मम हत्या के मामले को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने काफी गंभीरता से लिया है। आयोग की सदस्य आशा लाकड़ा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि इस मामले में आयोग ने बिहार सरकार से तीन दिनों के अंदर रिपोर्ट मांगी है।

वहीं इस मामले पर पूर्णिया के डीएम अंशुल कुमार ने कहा है कि अंशुल कुमार ने बताया, 6 जुलाई की घटना है। मारपीट के बाद 5 लोगों को रात को जला कर मारा गया है। कल पुलिस और प्रशासन ने शवों की रिकवरी कराई है, पोस्टमार्टम कराया है। त्रक्षक्रदर्ज.हो गई है। मामले में 23 अभियुक्त हैं। 150-200 अज्ञात लोगों पर भी एफआईआर हुई है। एक मुख्य अभियुक्त को गिरफ़्तार कर लिया गया है। छापेमारी की जा रही है। 3 लोग हिरासत में हैं। इसमें एक नाबालिग भी है जिसे अभिरक्षा में रखा गया है।

एसडीपीओ सदर पूर्णिया पंकज कुमार शर्मा ने बताया, हमें सुबह 5 बजे सूचना मिली कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव में सोनू (आयु 16) नामक व्यक्ति ने बताया कि काला जादू और जादू-टोना के नाम पर उरांव समुदाय के लोगों ने उसके परिवार के 5 सदस्यों की हत्या कर दी है। पुलिस वहां पहुंची और सभी 5 जले हुए शव बरामद किए। 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, अन्य अज्ञात हैं और उनकी तलाश की जा रही है। पूरे गांव के लोग इसमें शामिल थे।

### गोपाल खेमका हत्याकांडः पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़,एनकाउंटर में हथियार सप्लायर ढेर

**पटनाः** राजधानी पटना के बड़े कारोबारी गोपाल खेमका हत्याकांड में पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। एक ओर पटना के उदयगिरी अपार्टमेंट में सोमवार देर रात छापेमारी की गई, दूसरी ओर मालसलामी इलाके में पुलिस और अपराधियों के बीच एनकाउंटर हुआ है।

गोपाल खेमका को मारने वाले शूटर उमेश यादव के निशानदेही पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। मंगवार की सुबह पुलिस और अपराधी के बीच एनकाउंटर में अपराधी विकास उर्फ राजा मारा गया है। बताया जा रहा है कि विकास हथियार सप्लायर था। इसी से हथियार खरीदकर उमेश यादव ने गोपाल खेमका की हत्या की थी।

-गिरफ्तार शूटर उमेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो उसने कुछ जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद एसटीएफ और पुलिस की एक टीम पटना के बुद्धमार्ग स्थित उदयगिरि अपार्टमेंट पहुंची। यहां छठे तल्ले पर स्थित एक फ्लैट में पुलिस ने छापेमारी की और तीन लोगों को वहां से उठाया।गिरफ्तारी के बाद खुलासा हुआ कि वारदात को अंजाम देने के बाद शूटर उमेश यादव पटना म्यूजियम के सामने स्थित उदयगिरी अपार्टमेंट में छिप गया था। इस उदयगिरी अपार्टमेंट के जिस फ्लैट में छिपा था, वह अशोक कुमार गुप्ता का है। पुलिस 70 वर्षीय उस बुजुर्ग से भी पूछताछ कर रही है। एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को पटना म्यूजियम के सामने स्थित उदयगिरी अपार्टमेंट में छापेमारी की, जहां से दो और संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। यह वही अपार्टमेंट है जहां घटना के तुरंत बाद शूटर ने पनाह ली है। यह फ्लैट अशोक कुमार गुप्ता का है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस अपार्टमेंट में शूटर ने शरण ली थी, उसमें पटना के कई बड़े व्यापारी, उच्च अधिकारी और वीआईपी लोग रहते हैं।

पुलिस को उमेश से पूछताछ के दौरान कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इसी इनपुट के आधार पर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित उदयगिरी अपार्टमेंट के 601 नंबर फ्लैट में एसटीएफ और पटना पुलिस की संयुक्त टीम ने देर शाम छापेमारी की। वहां से हिरासत में लिये गये अपराधी की भूमिका की जांच की जा रही है।पूछताछ में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि कुल 10 लाख रुपये की सुपारी एक अन्य अपराधी को दी गई थी, जिसने शूटर उमेश यादव से संपर्क किया और वारदात को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पेशगी के तौर पर एक लाख रुपये में हत्या करने का काम सौंपा। इस बड़े गैंग की परतें अब धीरे-धीरे खुल रही हैं। फिलहाल पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है. वहीं, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

### एलेक्सा पर जासूसी का आरोप, अमेजन पर चलेगा मुकदमा, करोड़ों यूजर्स की निजी बातें सुनने का है मामला



**नई दिल्लीः** गूगल और फेसबुक के बाद अब दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भी यूजर्स की प्राइवेसी से खिलवाड़ के मामले में कानूनी मुश्किलों में घिर गई है। कंपनी के लोकप्रिय वॉइस असिस्टेंट अलेक्सा पर करोड़ों यूजर्स की निजी बातें और बातचीत रिकॉर्ड करने का आरोप लगा है। इस मामले में एक अमेरिकी फेडरल जज ने अमेजन के खिलाफ क्लास-एक्शन मुकदमे को हरी झंडी दे दी है।

यह फैसला सोमवार, 7 जुलाई को अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज रॉबर्ट लैसनिक ने सुनाया। उन्होंने कहा कि अमेजन के खिलाफ देशव्यापी मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त कानूनी आधार मौजूद हैं ताकि यूजर्स को हुए वित्तीय नुकसान की भरपाई और प्राइवेसी के कथित उल्लंघन को रोका जा सके। यह मुकदमा उन लाखों यूजर्स के हितों का प्रतिनिधित्व करता है, जो एक या एक से अधिक अलेक्सा डिवाइस का इस्तेमाल करते हैं। 2021 में दायर इस मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि अमेजन ने जानबूझकर अलेक्सा को इस तरह डिजाइन किया है कि वह करोड़ों-अरबों निजी बातों को इंटरसेप्ट कर सके और इन वॉइस रिकॉर्डिंग्स का इस्तेमाल अपने व्यावसायिक लाभ के लिए कर सके। याचिकाकर्ताओ का दावा है कि यह वॉशिंगटन के कंज्यूमर प्रोटेक्शन नियमों का सीधा उल्लंघन है।

### उत्तराखंड : पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर गिरी गाज, रेलवे समेत 86 इकाइयों के आवेदन रद्द

**हरिद्वारः** उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड राज्य में पर्यावरण से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त है। हरिद्वार और रुड़की रेलवे सहित कई उद्योग, होटल और फैक्ट्रियों की पर्यावरण संबंधी मंजूरी रद्द कर दी गई है। इस कार्रवाई के बारे में क्षेत्रीय पॉल्यूशन बोर्ड अधिकारी राजेंद्र कठैत ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि अब तक हमने पर्यावरण से संबंधित नियमों की अनदेखी करने के मामले में 86 आवेदनों को निरस्त कर दिया है। हर आवेदन में किसी न किसी प्रकार की खामी दिखी है। किसी में अपूर्ण जानकारी दी गई थी, तो किसी में दस्तावेज पूरे नहीं थे, जिसे देखते हुए हमने इन सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया। हालांकि, इन आवेदनों को निरस्त करने से पहले हमने कई बार रिमाइंडर भी भेजे थे, ताकि उनकी तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आ सके। लेकिन, जब उनकी तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई, तब जाकर हमने इन आवेदनों को निरस्त किया है। क्षेत्रीय पॉल्यूशन बोर्ड अधिकारी ने बताया कि हरिद्वार और रुड़की रेलवे की तरफ से भी साल 2021 में आवेदन किया गया था, लेकिन कुछ अपूर्ण जानकारी की वजह से हमने इन आवेदनों को निरस्त कर दिया। हालांकि, हमने इन दोनों को भी अपने आवेदन से संबंधित खामियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया था, लेकिन जब इनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया, तब जाकर हमने यह कार्रवाई की।

# तमिलनाडु में रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से टकराई स्कूल बस, तीन बच्चों की मौत कई घायल

## गेटमैन पर लापरवाही का आरोप

संवाददाता

**चेन्नई :** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में चेम्मन कुप्पम के पास मंगलवार सुबह एक दुखद दुर्घटना हुई, जब एक ट्रेन ने रेलवे क्रॉसिंग पर एक स्कूल वैन को टक्कर मार दी। शुरूआती रिपोर्ट में तीन बच्चों की मौत और स्कूल वैन चालक समेत 10 के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है।

यह घटना उस समय हुई जब स्कूल वैन चेम्मन कुप्पम के पास रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रही थी। चिदंबरम जाने वाली एक यात्री ट्रेन वैन से टकरा गई, जो लगभग 50 मीटर तक उसे घसीटते हुए ले गई। टक्कर के कारण वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीन बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि कुछ और



छात्रों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के समय वैन में स्कूली बच्चे और चालक सवार थे। गंभीर रूप से घायल चालक और बच्चों को इलाज के लिए कुड्डालोर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सा अधिकारी उनकी स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। हादसे के बाद सबसे पहले स्थानीय लोग ही मौके पर पहुंचे और बच्चों को बचाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस को भी सूचना दी गई। स्थानीय निवासियों और रेलवे अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह हादसा स्कूल वैन चालक की कथित लापरवाही के कारण हुआ बताया जा रहा है। हालांकि 3 बच्चों की मौत के बाद उनके अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने स्कूल क्षेत्रों के पास रेलवे क्रॉसिंग पर कड़े सुरक्षा उपायों की मांग की।

फिलहाल रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) और जिला प्रशासन की टीम ने इस घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है, ताकि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा सके और जिम्मेदारी तय की जा सके। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## हवा में 30 मिनट बाद इंडिगो फ्लाइट में आया झटका , इंदौर में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

**इंदौर :** इंदौर से रायपुर जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब उड़ान भरने के लगभग आधे घंटे बाद ही विमान की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में तकनीकी गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद पायलट ने विमान को वापस इंदौर के देवी अहिल्या बाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ए 7295 ने अपने निर्धारित समय सुबह 6:35 बजे रायपुर के लिए टेक-ऑफ किया था। यात्रियों ने बताया कि उड़ान भरने के करीब 30 मिनट



बाद ही उन्हें विमान में एक तेज झटका महसूस हुआ। इसके कुछ ही मिनटों बाद पायलट ने घोषणा की कि कुछ तकनीकी कारणों से विमान को वापस इंदौर ले जाया जा रहा है। विमान सुबह 7:15 बजे सफलतापूर्वक एयरपोर्ट पर लैंड हो गया। इंदौर एयरपोर्ट के टर्मिनल मैनेजर ने बताया कि पायलट को उड़ान के दौरान एक फॉल्स अलार्म मिला था। हालांकि यह एक झूठा तकनीकी संकेत था, लेकिन सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत ऐसे किसी भी संकेत को गंभीरता से लिया जाता है। इसी के चलते पायलट ने कोई जोखिम न उठाते हुए विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया, जो कि एक सराहनीय कदम है।

लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतारा गया। बाद में, तकनीकी जांच और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए इंडिगो ने इस उड़ान को रद्द कर दिया। एयरलाइंस ने प्रभावित यात्रियों को टिकट का पूरा पैसा वापस लेने या अगली उपलब्ध उड़ान में अपनी बुकिंग को रीशेड्यूल कराने का विकल्प दिया है।



## अमेरिका में भीषण सड़क हादसा, भारतीय मूल के एक ही परिवार के चार लोग जिंदा जले

**हैदराबादः** अमेरिका में सड़क हादसे में हैदराबाद के एक परिवार चार लोगों की जिंदा जल गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ग्रीन काउंटी में एक ट्रक से टकराने के बाद कार में आग लग गई, जिसके कारण तेजस्विनी, श्रीवेंकट और उनके दो बच्चे जिंदा जल गये। हादसे के समय पीड़ित अटलांटा से डलास जा रहे थे। सभी की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ चुके थे और आग लगने के बाद वो पूरी तरह खाक हो गई। इस बीच परिवार उस कार से नहीं निकल पाया और सभी लोग जिंदा जल गए घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और दमकल की टीमों सहित आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। भारत में मृतकों के रिश्तेदारों और दोस्तों को इस संबंध में सूचना दे दी गयी है और इस घटना से स्थानीय समुदाय गहरे सदमे और शोक में है।

## धर्मांतरण केस में छांगुर बाबा पर बड़ी कार्रवाई, आलीशान कोठी पर चला बुलडोजर , बलरामपुर में फोर्स तैनात




**बलरामपुर :** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में धर्मांतरण गैंग चलाने वाले ??छांगुर बाबा पर बड़ा एक्शन लिया गया है। छांगुर बाबा की आलीशान कोठी पर बुलडोजर कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि ये कोठी अवैध तरीके से बनाई गई थी। जानकारी के मुताबिक ये वही कोठी है जिसमें छांगुर बाबा अपने गैंग के लोगों के साथ रहता था और यहीं से अपने काले साम्राज्य का संचालन करता था।

बलरामपुर में छांगुर बाबा के धर्मांतरण के काले कारनामे उजागर होने के बाद पुलिस-प्रशासन भी हरकत में आ गया है। जांच-पड़ताल के दौरान पता चला कि छांगुर बाबा ने कोतवाली उतरौला क्षेत्र के मधपुर गांव में जो आलीशान कोठी बनवा रखी है, वह अवैध है। ये कोठी सरकारी जमीन पर बनाई गई है। इसको लेकर नोटिस जारी किया गया था। बेदखली का आदेश भी दिया गया। जिसके बाद अब कोठी पर बुलडोजर एक्शन हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, इस कोठी में छांगुर बाबा, नवीन रोहरा और नीतू रोहरा के साथ रहता था। जिस जमीन पर यह कोठी बनाई गई है वह गाटा संख्या 337/370 की जमीन में अवैध अतिक्रमण करके बनाई गई है। यह जमीन नीतू नवीन अरोड़ा के नाम से है। जमीन की पैमाइश पूरी होने के बाद बुलडोजर की कार्रवाई की गई। इससे पहले जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण हटाने का नोटिस चस्पा किया था। हालांकि, छांगुर बाबा के परिजनों के विरोध की वजह से कल पैमाइश नहीं हो सकी थी।

## महिला थाना प्रभारी ने स्टेशन के अंदर बनाया रोमांटिक रील, वीडियो वायरल होते ही मचा हड़कंप

**रीवा :** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक महिला थाना प्रभारी द्वारा थाने के अंदर फिल्मी गाने पर रील बनाना महंगा पड़ गया है। सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा का एक रोमांटिक गाने पर बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मामले का संज्ञान लेते हुए रीवा रेंज के उप महानिरीक्षक राजेश सिंह ने पूरे संभाग के पुलिसकर्मियों के लिए सख्त आदेश जारी करते हुए विभागीय गरिमा के खिलाफ रील बनाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह मामला शनिवार को तब सामने आया, जब सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में वह थाने के अंदर कुर्सी पर बैठी हुई, 1999 में आई फिल्म आरजू के गाने अब तेरे दिल में हम आ गए पर



एक्टिंग करती नजर आ रही हैं। वर्दी में न होकर सिविल ड्रेस में बनाई गई इस रील के सामने आते ही पुलिस विभाग की कार्यशैली और अनुशासन पर सवाल उठने लगे। वीडियो वायरल होने के बाद डीआईजी राजेश सिंह ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने सोमवार को एक कड़ा आदेश जारी करते हुए कहा कि पुलिस एक अनुशासित विभाग है और इस तरह की गतिविधियां अनुशासनहीनता के दायरे में आती हैं। उन्होंने अपने आदेश में स्पष्ट लिखा, वर्दी या सिविल ड्रेस में रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने से विभाग की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और जनता के बीच पुलिस की छवि खराब होती है। डीआईजी ने अपने आदेश में सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि भविष्य में यदि किसी भी पुलिसकर्मी द्वारा इस तरह की कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर डाली जाती है, तो इसे पद की गरिमा के प्रतिकूल मानते हुए संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा, अमेरिका में पहले से ज्यादा बिगड़ रही बच्चों की सेहत

एजेंसी

**सैक्रामेंटो :** एक नई रिपोर्ट के अनुसार, आज अमेरिका के बच्चे पहले की तुलना में ज्यादा मोटे हो गए हैं, उन्हें ज्यादा बीमारियां हो रही हैं और उनके लिए गंभीर बीमारियों की चपेट में आकर मरने की संभावना भी पहले की पीढ़ी के मुकाबले अधिक है। यह रिपोर्ट पिछले लगभग 20 सालों में बच्चों की सेहत पर सबसे बड़ा अध्ययन है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जेएएमए) में सोमवार को जारी किया गया। इसमें साल 2002 से अब तक के आठ अलग-अलग राष्ट्रीय डेटा सेट की मदद से 170 से ज्यादा सेहत से जुड़े पहलुओं का विश्लेषण किया गया।

इस अध्ययन के प्रमुख लेखक फिलाडेल्फिया के चिल्ड्रन हॉस्पिटल के प्रमुख लेखक



क्रिस्टोफर फॉरेस्ट का कहना है, हर आंकड़ा यही दिखाता है कि बच्चों की सेहत लगातार खराब हो रही है। शोधकर्ताओं ने पाया कि 2 से 19 साल के बच्चों में मोटापा 2007-08 में 17 प्रतिशत था, जो 2021-23 में बढ़कर 21 प्रतिशत हो गया। 1 मिलियन से ज्यादा युवा रोगियों को कवर करने वाले इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड से पता चला है कि 2011 में 40 प्रतिशत बच्चों को किसी न किसी दीर्घकालिक (लंबे समय तक चलने वाली) बीमारी की पहचान मिली थी। 2023 में यह बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई। इनमें चिंता, डिप्रेशन और नींद की दिक्कतें शामिल हैं।

मृत्यु दर के आंकड़े अन्य धनी देशों के साथ और भी ज्यादा विपरीत हैं। अमेरिका में बच्चों की मौत की दर अन्य अमीर देशों (जैसे कनाडा, जर्मनी, जापान) के मुकाबले 1.8 गुना ज्यादा है। शिशुओं के लिए समय से पहले जन्म और अचानक अप्रत्याशित शिशु मृत्यु के आंकड़ों में सबसे ज्यादा वृद्धि हुई। वहीं बड़े बच्चों में चोट लगना और सड़क दुर्घटनाएं मुख्य वजह बनीं।

बच्चों में डिप्रेशन, अकेलापन, नींद न आना, और शारीरिक गतिविधियों में कमी जैसे लक्षण भी बढ़ते दिखे। बच्चे समाज की परेशानियों को सबसे पहले और सबसे गहराई से महसूस करते हैं। बाल रोग विशेषज्ञ फ्रेडरिक रिवारा और एविटल नथानसन ने कहा कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाने होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि सार्वजनिक स्वास्थ्य बजट में कटौती, बुनियादी ढांचे को ठीक करने में देरी, या टीकाकरण विरोधी भावना को बढ़ावा देने से हालात और बिगड़ सकते हैं।

इस गिरावट के लिए एक वजह नहीं, बल्कि कई कारण जिम्मेदार हैं, जैसे- बहुत ज्यादा प्रोसेस्ड (डिब्बाबंद) खाना खाना। अच्छे इलाज की कमी। बच्चों के लिए असुरक्षित माहौल और बढ़ती आर्थिक असमानता।

फॉरेस्ट ने सुझाव दिया कि सामुदायिक स्तर पर अलग योजना बनाकर बच्चों की सेहत को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाए। हालांकि अमेरिका स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा खर्च करता है, फिर भी इस स्थिति को सुधारने के लिए सिर्फ अस्पतालों में नहीं, बल्कि स्कूलों, घरों, परिवहन और सामाजिक सेवाओं में भी निवेश करना जरूरी है।

न्यूज IN ब्रीफ

## बीज एवं उर्वरक दुकानों का एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण



**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निदेर्शानुसार आज सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी बसिया जयवंती देवगम, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बसिया एवं थाना प्रभारी बसिया के द्वारा संयुक्त रूप से बसिया प्रखण्ड अन्तर्गत कोनबीर ग्राम स्थित पाण्डेय बीज भण्डार एवं मेसर्स कृषि केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि दोनों प्रतिष्ठानों में बीज का अद्यतन दर सूची (फ्ंशी छ२३) एवं स्टॉक सूची प्रदर्शित नहीं थी, जो कि अनिवार्य है। केवल पाण्डेय बीज भण्डार में उर्वरक की अद्यतन दर सूची प्रदर्शित की गई थी। पूछताछ के क्रम में दुकानदारों ने बताया कि बीज और उर्वरकों की बिक्री कंपनी द्वारा मौखिक रूप से बताए गए मूल्य पर की जाती है, और इन्हें पैकेट पर अंकित मूल्य से कम दाम पर बेचा जा रहा है। निरीक्षण टीम द्वारा दोनों प्रतिष्ठानों के मालिकों को निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही बीज एवं उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित करें तथा दर सूची और स्टॉक सूची को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। साथ ही किसानों (अन्नदाताओं) से मुनाफाखोरी न करने की सख्त हिदायत दी गई। उन्हें यह भी स्पष्ट निर्देश दिया गया कि कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक मूल्य वसूली जैसे कृत्यों में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा कृषकों के हित में इस प्रकार की निगरानी आगे भी जारी रखी जाएगी, ताकि आवश्यक कृषि सामग्रियाँ पारदर्शी व नियमानुसार मूल्य पर उपलब्ध कराई जा सकें।

## हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार



**गुमला :** गुमला पुलिस कप्तान हरीश बिन जामां ने अपने कार्यालय कक्ष में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया की पुरानी रंजिश में तीन अपराधियों ने मिलकर व्यवसाई जाजोदिया स्टेर के मालिक विनोद जाजोदिया (अग्रवाल) को मौत के घाट उतार दिया, उन्होंने बताया की जिला मुख्यालय स्थित लोयोला नगर सिसई रोड़ निवासी मुख्य अपराधी अंचल ब्यूम तिर्की और उसके दो सहयोगी डुमरटोली गुमला निवासी जुलिमन मिंज और समीर टोप्पो को किया गुमला जिला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें 24 घन्टें के अंदर उक्त हत्याकांड का उद्भेदन करने में सफल रहा और उक्त हत्याकांड के सभी तीन अपराधियों को समय पर गिरफ्तार कर उनके पास से कई मोबाइल फोन, बाइक सहित अन्य सामान बरामद किया हैं, पुलिस कप्तान हरीश बिन जामां ने उक्त हत्याकांड को एक चैलेंज के रूप में स्वीकार करते हुयें, 24 घन्टें के अंदर उक्त हत्याकांड का खुलासा कर दिया हैं।

## झारखंड के लोक कलाकार छत्तीसगढ़ में अपनी कला की प्रस्तुति दिए



सिमडेगा : छत्तीसगढ़ के दोकड़ा तहसील कांसाबेल में , श्री जगन्नाथ महोत्सव के अवसर पर रंगा रंग संस्कृति कार्य क्रम का आयोजन हुआ जिसमें झारखंड के लोक गायक सह उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित लोक कलाकार जगदीश बड़ाईक अपनी ग्रुप के साथ नागपुरी लोक गीत संगीत की प्रस्तुति दिए,जो काफी आकर्षक बना रहा लोगों को बहुत अच्छा लगा। मौके पर छत्तीगढ़ के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या देव साय लोक गायक जगदीश बड़ाईक जी को और ग्रुप को स्टेज पर सम्मानित किया तथा औ भी आगे बढ़ने का आशिर्वाद दिया,तथा जब कभी भी फिर धार्मिक कार्य क्रम का आयोजन होगा उसमें झारखंड के लोक गायक जगदीश बड़ाईक जी को आने नेवता दिए हैं। इस कार्य क्रम में झारखंड के कुल 20 कलाकारो के साथ जगदीश बड़ाईक ने मरदानी झूमर,फगुआ,पावश, गोलवारी, एवं जगन्नाथ महाप्रभु वाला गीत को पेश किया। आयोजन समिति : श्री जगन्नाथमंदिर समिति दोकड़ा तहसील कांसाबेल जिला जसपुर छतीसगढ़।

## बिजली समस्या को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिले भाजपा नेता



**सिमडेगा :** पाकर डांड प्रखंड सिकरियाडांड पंचायत के तुंगा ग्राम के ग्रामीणों ने आज विद्युत कार्यपालक अभियंता सिमडेगों के पास विगत ढेड़ महीना से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के संबंध में मुलाकात करने के लिए आए थे। लेकिन विद्युत कार्यपालक अभियंता के नहीं रहने से उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। इस बात की सुचना गांव वालों ने भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा को दिया। सुचना मिलते ही भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा ने तुरंत विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्या से रूबरू हुए।
ग्रामीणों ने श्री बेसरा को कहा कि अगर दो चार दिन के अंदर ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराया गया तो ट्रांसफार्मर के लिए आंदोलन किया जाएगा।

### डीडीसी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक , कहा

# विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर करें कार्य

**संवाददाता**

**गुमला :** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा अपने-अपने विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति और चुनौतियों की विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। उप विकास आयुक्त ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु समयबद्ध होकर कार्यों को करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा कि प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी नियमित रूप से बैठकें आयोजित कर कार्यों की प्रगति पर नजर रखी जाए एवं आपसी सहयोग से समस्याओं का समाधान किया जाए।
स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा गया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर का नियमित निरीक्षण किया जाए और आवश्यक सुधार कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाए। जिन जगहों पर बिजली,पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है वहां यथाशीघ्र बिजली,पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
जिले में निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थिति की भी गहन समीक्षा की गई। इनमें से छह उपकेंद्रों के निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को 2 दिनों के अंदर भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।
बैठक में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिले में निमार्णाधीन 82 आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति पर चर्चा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि लंबित भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही अप्रोच रोड, बिजली कनेक्शन और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की जाए। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली की समुचित व्यवस्था कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।उन्होंने सभी बीडीओ को अपने क्षेत्र में निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने और समन्वय के साथ कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया।
समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि उपायुक्त महोदया के निदेर्शानुसार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में दरी एवं पोषाहार सम्बन्धी पूर्ण विवरण को दीवार पर अंकित करने हेतु सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए गए हैं। बैठक के क्रम में अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि निरीक्षण के दौरान रोरेंग पंचायत में ग्रामीणों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने की की जानकारी दी गई। उक्त पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कराया जाए।
कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान



कृष्णा छात्रावास में भवन की मरम्मत, पानी-बिजली की व्यवस्था आदि को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिन बच्चों का ठढउक मैपिंग नहीं हो पाया है,उन बच्चों का नया खाता खोलने के निर्देश दिए गए।
जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य की भी समीक्षा की गई। खराब पड़े जलमीनारों को तत्काल मरम्मत कर पुनः चालू करने की बात कही गई ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। रायडीह के रिरई टोली में पेयजल समस्या की जानकारी प्राप्त हुई,जिसे दूर करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।
खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा के क्रम में पलायन कर रहे लोगों की सूची उपलब्ध कराने की बात कही गई । गुमला,रायडीह तथा बसिया के लिए गोदाम हेतु जमीन चिह्नित किया जाए। सभी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिए गए कि सभी डीलर से ई-केवाईसी प्रक्रिया की गति को तेज करवाया जाए। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को नियमित रूप से गोदामों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।
पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना तथा गव्य विकास योजना की अद्यतन जानकारी दी गई। बकरी वितरण कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय में आयोजित किए जाने का निर्देश दिया गया।
रेवेन्यू विभाग की समीक्षा के क्रम में कहा गया कि बारिश के कारण घर क्षतिग्रस्त होने या घर में पानी भर जाने की स्थिति में घर के लोगों को किसी सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किए जाने का निर्देश दिया गया। आपदा से बचाव हेतु व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किए जाने की बात कही गई। जिससे आमजनों को जागरूक तथा सुरक्षित रखा जा सके।
शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में कहा गया कि विद्यालय अथवा अन्य भवन निर्माण में किसी प्रकार के जमीन विवाद होने की स्थिति में सम्बंधित अंचल अधिकारी/ प्रखंड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें।
बैठक के दौरान प्रखंड स्तरीय जन शिकायत निवारण दिवस के सम्बन्ध में भी समीक्षा की गई। जिसमें कहा गया कि शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर तय समयसीमा के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को बताया गया कि जिन शिकायतों को प्रखंड अथवा अंचल स्तर पर निष्पादित किया जा सकता है उसे यथाशीघ्र निस्तारण करते हुए सही रिमार्क के साथ गूगल शीट पर अपडेट करना सुनिश्चित करें।
अबुआ आवास योजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि वर्ष 2023-2024 के अबुआ आवास के काम को शीघ्र पूर्ण किया जाए। पहली किस्त की राशि प्राप्त होने के उपरान्त भी अबतक प्लिंथ स्तर का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में सभी बीडीओ को निर्देश दिया गया कि निरीक्षण कर कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाए। साथ ही साथ लंबित आवेदनों को भी जांच कर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करें। चेकर वेरिफिकेशन के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए कहा गया कि इस कार्य को भी तय समयसीमा के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री जनमन योजना की भी समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस योजना के तहत सभी लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। सभी बीडीओ को निर्देश दिया गया कि पीएम जन मन के तहत प्राप्त आवेदनों की जांच कर शीघ्र निस्तारण करें। साथ ही पीएम किसान के सभी लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें और उससे संबंधित प्रतिवेदन प्रतिदिन उपलब्ध कराएं।बैठक के क्रम में मनरेगा योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी गहन समीक्षा की गई। लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## मधुसूदन पब्लिक स्कूल के निदेशक अपने बेहतर कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं



**ज्योति पाठक**

लक्ष्य और उद्देश्य के साथ साथ बेहतर पढ़ाई कुशल अनुशासन पश्चिम सिंहभूम जिला में अपनी सशक्त पहचान रखने वाला मधुसूदन पब्लिक स्कूल गौरव के साथ साथ प्रेरणास्त्रोत भी है।
शिक्षा जीवन में लक्ष्य के साथ साथ सफलता की सीढ़ी भी है और इसे मूर्त रुप देने के लिए मधुसूदन पब्लिक स्कूल के निदेशक बलराज हिंदवार हमेशा गतिशील रहे हैं उनके शिक्षा के प्रति लगन और प्रयत्न उनके पिता श्याम सुंदर महतो से मिला उनके पिता स्वयं एक प्रख्यात शिक्षक रहे हैं और मधुसूदन पब्लिक स्कूल के संस्थापक भी। कुशल प्रबंधन, बेहतर माहौल और छात्रों को निरंतर बेहतर परिणाम और अव्वलता के लिए उनके परिश्रम और प्रयास भी काफी प्रशंसनीय हैं। मेधावी छात्र सम्मान समारोह में विद्यालय के छात्रों की उपलब्धि और गौरव दोनों के लिए मधुसूदन पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों को श्रेय देने के साथ साथ उन्होंने छात्रों के परिश्रम और अथक प्रयासों को भी सराहा। ऐसे ऊजार्वान निदेशक शिक्षा के लिए गौरव तथा उपलब्धि और कामयाबी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## लोहरदगा उपायुक्त डॉ ताराचंद अपने कार्यों से जिला को दे रहे हैं भरपूर गति




**बिनय मिश्रा**

स्थल ,मृदुभाषी और आमजनों के लिए सुलभ रहने वाले लोहरदगा के उपायुक्त डॉ ताराचंद महज दो माह में ही अपने बेहतर प्रयास और उत्कृष्ट कार्य से जिला वासियों को भरपूर विकास गति देने में सफल रहे हैं। एमबीबीएस चिकित्सक रहे डॉ ताराचंद विकास की नाड़ी और जन अपेक्षा के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में सफृ रहे हैं।इनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि जिला प्रशासन के आपसी सामंजस्य से जिला के समस्याओं का निष्पादन और जन अपेक्षा के अनुरूप लोगों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास भी काफी प्रशंसनीय है। विकास कार्यों के लिए निरंतर समीक्षात्मक बैठक भी काफी कारगर सिद्ध हो रही है। उपायुक्त का स्पष्ट मानना है कि जिला प्रशासन जिला वासियों के विकास के लिए सदैव तत्पर है और जनसमस्याओं के निराकरण के लिए गंभीर। ऐसे उपायुक्त से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## संत डोमिनिक इंटर कॉलेज में नए छात्रों का हुआ स्वागत

**कोलेबिरा :** संत डोमिनिक इंटर कॉलेज लचडागढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नामांकित नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु गरिमामय अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना एवं उनमें आत्मविश्वास का संचार करना था।
समारोह की शुरूआत कॉलेज के वरिष्ठ फादर क्लेमेंट लकड़ा के प्रेरणादायक संदेश से हुई। उन्होंने छात्रों से कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की दिशा भी है। उन्होंने मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों से ईमानदारी और लगन के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया।फादर लकड़ा ने यह भी कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है, जहां प्रत्येक छात्र को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयासरत रहना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को



सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को अपनाने की सलाह दी।
कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल अल्बानुष ने भी छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज न केवल पढ़ाई बल्कि व्यक्तित्व विकास में भी छात्रों का मार्गदर्शन करता है।इस अवसर पर शिक्षकों की टीम – शांति केरकेट्टा, मेरी मनोरमा सोरेन, सुशीला कुल्लू, कांति रोजलीन टेटे, जोसफिन डुंगडुंग, संजय कुरान, रश्मि अक्का और फिलिफ बारला – ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## पोक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**सिमडेगा :** वादी के लिखित आवेदन के आधार पर वादी के 9 साल की बच्ची के साथ कांड के नामजद अभियुक्त 1. सेलेस्टीन कुजूर , पिता सिमोन किंडो, ग्राम तुम्बिल पानी, गिरजा टोली, थाना कुरडेग, जिला सिमडेगा को दुष्कर्म करने एवं 2. निर्दोष मिंज , पिता फ्रांसिस मिंज, ग्राम तुम्बिल पानी, चाडरीमुंडा, थाना कुरडेग, जिला सिमडेगा। 3. फेलिक्स खेस्स, पिता स्व0 सुलेमान खेस्स ग्राम तुम्बिल पानी सल्या टोली, थाना कुरडेग, जिला सिमडेगा को मामले के दबाने के आरोप में कुरडेग थाना कांड संख्या 23/25, दिनांक 06.07.25, धारा 65(2) इठर एवं 6/10/21 पॉक्सो एक्ट के तहत कांड दर्ज किया एवं तीनों अभियुक्तों गिरफ्तार कर आज दिनांक 07.07.25 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।
उल्लेखनीय है कि दिनांक 27. 06.25 को आरोपी 1. सेलेस्टीन कुजूर , पिता सिमोन किंडो, ग्राम तुम्बिल पानी, गिरजा टोली, थाना कुरडेग, जिला सिमडेगा के द्वारा नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया , एवं प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ मिलकर पीड़िता के परिजनों पर केस नहीं करने का दबाव बनाया जा रहा था।

# वाहन चेकिंग एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन

**संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार आज दिनांक 07 जुलाई 2025 को गुमला-घाघरा मुख्य पथ स्थित दुनदुरिया ग्राम क्षेत्र में मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग अभियान एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप एवं मोटरयान निरीक्षक प्रदीप कुमार तिर्की द्वारा किया गया। सड़क सुरक्षा टीम के सहयोग से कुल 40




मोटरसाइकिल चालकों को यातायात नियमों के अनुपालन एवं सुरक्षित वाहन संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई।
कार्यक्रम के तहत रोड सेफ्टी काउंसलिंग के माध्यम से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, वाहन के वैध कागजात रखने की अनिवार्यता, गति सीमा एवं ट्रैफिक सिग्नल के पालन जैसे विषयों पर विस्तार से समझाया गया। चालकों को बताया गया कि कैसे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य यात्रियों के जीवन की रक्षा की जा सकती है।
वाहन चेकिंग अभियान शाम 4:00 बजे से 5:00 बजे तक चलाया गया, जिसमें कागजातों की अनुपलब्धता एवं अन्य नियमों के उल्लंघन पर कुल ₹78,000 की दंड राशि वसूल की गई।
इस अवसर पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट प्रणय कांशी, एवं डीटीओ कार्यालय के प्रिंस कुमार भी उपस्थित थे।
जिला प्रशासन द्वारा ऐसे अभियान समय-समय पर आयोजित कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति सजगता सुनिश्चित की जा रही है।